
संस्करण ● नई दिल्ली ● पानीपत (हरियाणा) ● चण्डीगढ़ ● लखनऊ ● भोपाल (मध्य प्रदेश) ● हल्द्वानी नैनीताल ● देहरादून (उत्तराखण्ड) से एक साथ प्रकाशित ... www.publicasia.in



पब्लिक की सुनें, पब्लिक की कहें

# पब्लिक एशिया

@publicasia1989 @publicasiaofficial @publicasia e-mail: publicasia1989@gmail.com



वर्ष : 35, अंक : 338, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली, रविवार 27 अक्टूबर 2024, मूल्य : 3 रूपये RNI No-49329/89



नई दिल्ली में छठ पर्व से पहले कालिंदी कुंज में प्रदूषित यमुना नदी में जहरीले झाग को घोलने के लिए रसायन का छिड़काव करते कार्यकर्ता।

## मुख्य समाचार

### भाजपा ने श्रीनगर में विलय दिवस मनाया

**श्रीनगर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कश्मीर इकाई ने शनिवार को यहां अपने मुख्यालय में एक समारोह के साथ 'विलय दिवस' मनाया। भाजपा की ओर से जारी बयान के मुताबिक समारोह में पार्टी कार्यकर्ता, वरिष्ठ नेता और नागरिक जम्मू-कश्मीर के इतिहास के इस महत्वपूर्ण दिन का सम्मान करने के लिए एकत्र हुए। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा महासचिव (संगठन) जम्मू-कश्मीर अशोक कौल ने भारत की एकता और अखंडता के प्रति केंद्र शासित प्रदेश की प्रतिबद्धता की याद दिलाने के रूप में विलय दिवस के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने महाराजा हरि सिंह के 1947 में भारत में विलय के निर्णय के महत्व पर प्रकाश डाला और जम्मू-कश्मीर की सांस्कृतिक विरासत तथा ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने के लिए भाजपा के समर्पण को रेखांकित किया।

### आंध्र प्रदेश में सड़क दुर्घटना, इस्कॉन के छह सदस्यों की मौत

**अनंतपुर।** आंध्र प्रदेश में भीषण सड़क दुर्घटना में इस्कॉन के छह सदस्यों की शनिवार को मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंगनमाला मंडल में अनंतपुर-कडप्पा राजमार्ग पर नयनापल्ली चौराहे पर पीड़ितों की कार विपरीत दिशा से आ रही एक लॉरी से टकरा गई। पुलिस ने कहा कि मृतक यहां स्थित अंतरराष्ट्रीय कृष्ण चेतना सोसायटी (इस्कॉन) के सदस्य थे। वे नागरा संकीर्तन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ताड़ीपत्री शहर गए थे। कार्यक्रम के बाद, वे ताड़ीपत्री से अनंतपुर वापस आ रहे थे। इसी दौरान उनकी कार का टायर फट गया, जिसके कारण चालक कार पर नियंत्रण खो बैठा और वह विपरीत दिशा से आ रही एक लॉरी से टकरा गई। मृतकों की पहचान संतोष, शानमुख, वेंकन्ना, श्रीधर, प्रसन्ना और वेंकट के रूप में हुई है।

### बहराइच में दो बाइकों की भिड़ंत,एक मरा

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कैसरगंज क्षेत्र में शनिवार को दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गयी जबकि दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कैसरगंज क्षेत्र के मुखिया पुरवा मंझारा तौकली निवासी लालता प्रसाद यादव (25) अपनी बाइक पर सवार होकर कैसरगंज की ओर आ रहे थे। तभी उनकी बाइक की टक्कर जितेंद्र कुमार मिश्रा (23) निवासी गोडहिया नंबर एक की बाइक से हो गई। इस दुर्घटना में लालता प्रसाद यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि जितेंद्र कुमार मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए।

### मटरू बिंद के परिवार को मिले इंसाफ : लक्ष्मीकांत निषाद

**जौनपुर।** संत कबीर नगर के समाजवादी पार्टी के सांसद लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद ने कहा कि जौनपुर जिले के शाहगंज थाने में पुलिस हिरासत में मटरू विंद की मौत की सीबीआई जांच करायी जानी चाहिये ताकि उनके परिवार को इंसाफ मिल सके। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मटरू बिंद के परिजनो से मुलाकात की। लक्ष्मीकांत निषाद ने मांग की कि पूरी घटना की सीबीआई जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार को 25 लाख की आर्थिक सहायता तथा पुत्री को नौकरी दी जाये।

### सोनभद्र जेल में बंद कुख्यात अपराधी सुंदर भाटी जमानत पर रिहा

**सोनभद्र।** हत्या के मामले में गुर्मा जेल में सजा काट रहे पश्चिम उत्तर प्रदेश का कुख्यात अपराधी सुदर भाटी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से जमानत मिलने पर रिहा कर दिया गया है। नोयडा के घंघौला निवासी कुख्यात अपराधी सुंदर भाटी का अपराध की दुनिया में भारी दबदबा रहा है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में सुंदर भाटी के उपर हत्या, हत्या का प्रयास रंगदारी व अन्य आपराधिक मामलों में कुल 60मुकदमे दर्ज है। हरेंद्र प्रधान की हत्या के मामले में सुंदर भाटी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। वह वर्ष 2021 में सोनभद के गुर्मा जेल में आया था। हाइकोर्ट प्रयागराज से जमानत मिलने पर उसे गुर्मा जेल से रिहा किया गया है।

# लापरवाही पर होगी कार्रवाई: योगी

## पीड़ितों की मदद में विलंब या लापरवाही किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जन समस्याओं के निस्तारण और पीड़ितों की मदद में विलंब या लापरवाही किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए और अगर लापरवाही हुई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। योगी ने यह निर्देश शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि किसी पीड़ित की समस्या के निस्तारण में यदि कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर समाधान कराया जाए। किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया तो संबंधित की जवाबदेही तय की जाए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही हिदायत दी कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। कुछ प्रकरणों पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया।

### शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में नींव के पत्थर होते हैं सफाईकर्मी : योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि किसी भी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सफाईकर्मी नींव के पत्थर होते हैं और



गोरखपुर स्वच्छ और सुंदर महानगर बन गया है जिसका सर्वाधिक श्रेय स्वच्छता के वाहक सफाई कर्मचारियों को ही जाता है। योगी ने कहा कि दीपावली के उपलक्ष्य में सफाई कर्मचारियों के सम्मान का जो कार्य गोरखपुर नगर निगम कर रहा है उससे प्रदेश के अन्य निकायों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने आज शाम राप्ती नगर के अंबेडकर पार्क में नगर निगम की तरफ से आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा सम्मेलन और सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में सफाई मित्रों को मुख्यमंत्री ने प्रमाण पत्र और मिठाई का उपहार देकर सम्मानित किया।

### काशी आएंगे सीएम योगी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को वाराणसी आएंगे। सीएम संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ करेंगे। वहीं संस्कृत में ही छात्रों को संबोधित भी करेंगे। इसके बाद बाबा विश्वनाथ व काशी कोतवाल कालभैरव का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लेंगे। सीएम के आगमन के मद्देनजर प्रशासनिक अमला अलर्ट हो गया है। सीएम पुलिस लाइन हेलीपैड से संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय जाएंगे। वहां संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान 69,195 विद्यार्थियों को 586 लाख की छात्रवृत्ति का वितरण किया जाएगा।

### सीएम योगी के वाराणसी दौरे को लेकर अलर्ट पर पुलिस प्रशासन

**वाराणसी।** सीएम योगी के वाराणसी दौरे को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने शनिवार को प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग की। इस दौरान हरहुआ और सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का दौरा कर, सुरक्षा और यातायात से जुड़े निर्देश दिए गए। पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए और संवेदनशील स्थानों पर रूफटॉप ड्यूटी लगाई जाए।

### योगी ने प्रद्युम्न नारायण मल्ल को दी श्रद्धांजलि

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर में दाउदपुर निवासी वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर प्रमोद कुमार मल्ल के आवास पर जाकर उनके दिवंगत पिता डॉ. प्रद्युम्न नारायण मल्ल को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से बातकर उन्हें ढांढस भी बंधाया। डॉ. मल्ल का बीते दिनों निधन हो गया। गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री आज उनके आवास पर पहुंचे और स्मृतिशेष डॉ. मल्ल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और महायोगी गुरु गोरखनाथ से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। योगी ने डॉ. मल्ल के पुत्र इंजीनियर प्रमोद कुमार मल्ल और अन्य परिजनों से बात की और उन्हें ढांढस बंधाया।

## भाजपा केजरीवाल की जान लेने पर आमादा : आप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी( आप) के सांसद संजय सिंह ने शनिवार को कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला करने वाला मुख्य आरोपी रोहित सहरावत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष है और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ सोशल मीडिया पर उसकी फोटो मौजूद है। 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद ने आज यहां संवाददाताओं से कहा,' भाजपा द्वेष और हिंसा की राजनीति में इस कदर आगे बढ़ चुकी है कि अब वह



केजरीवाल की जान लेने पर अमादा है। भाजपा केजरीवाल की जान की दुश्मन बन गई है। आम आदमी पार्टी और केजरीवाल की राजनीति को खत्म करने का यह कोई पहला प्रयास नहीं है। भाजपा ने केजरीवाल को नुकसान पहुंचाने के लिए हर हथकंडे अपनाएं हैं। ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल किया।

### उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में इंडिया समूह जीतेगी : माता प्रसाद पांडे

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने दावा किया कि नौ सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव में इंडिया समूह जीतेगी। पांडे ने शनिवार दोपहर बाद फर्रुखाबाद जिला सपा कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए दावा किया कि उपचुनाव में इंडिया समूह के पक्ष में सभी परिणाम आयेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भी इंडिया समूह में शामिल समाजवादी पार्टी ने अपना परचम लहराया। राज्य में हो रहे विधानसभा उपचुनाव मे इंडिया समूह की भूमिका पर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सपा ने कांग्रेस को दो सीटें विधानसभा उपचुनाव में लड़ने के लिए दी पर कांग्रेस ने चुनाव नहीं लड़ा।

## राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे अमित शाह

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को यहां राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के 20वें स्थापना दिवस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सरकार आपदा जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10-सूत्री एजेंडे के अनुरूप आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए समावेशी और सक्रिय कार्यों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष के स्थापना दिवस का मुख्य विषय 'व्यवहार परिवर्तन के लिए जागरूकता के माध्यम से आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए समुदायों को सशक्त बनाना' है।

> अमित शाह सोमवार को यहां राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के 20वें स्थापना दिवस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



### भूमि पत्तन पेट्रापोल में यात्री टर्मिनल भवन और मैत्री द्वार का उद्घाटन करेंगे शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को पश्चिम बंगाल के भूमि पत्तन पेट्रापोल में यात्री टर्मिनल भवन और मैत्री द्वार का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी दक्षिण एशियाई देशों के साथ सांस्कृतिक और व्यापार संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण को एक नयी गति, दिशा और आयाम प्रदान किया है। भूमि पत्तन पेट्रापोल दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा लैंड पोर्ट है और यह भारत तथा बंगलादेश के बीच व्यापार और वाणिज्य के लिए एक अहम प्रवेश द्वार है।

### शिवराज ने दिल्ली के प्रदूषण पर बैठक की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण की बिगड़ती स्थिति पर शनिवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की और इस मुद्दे पर व्यापक स्तर पर जन जागरण की अपील की। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने यहां बताया कि दिल्ली में प्रदूषण की भयानक समस्या से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता चौहान ने की। बैठक में केंद्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव , केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के कृषि मंत्री, दिल्ली के वन पर्यावरण मंत्री, संबंधित राज्यों के मुख्य सचिव और कृषि सचिव सहित प्रमुख अधिकारी इस बैठक में सम्मिलित हुए।

## दिल्ली की तरह पड़ोसी राज्यों में भी पटाखों हो पाबंदी : गोपाल राय

### केन्द्र और राज्य की कृषि मंत्रियों की संयुक्त बैठक में पराली जलाने के मामलों को कम करने का अनुरोध किया

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को कहा कि दिल्ली की तरह ही पड़ोसी राज्यों में भी पटाखों पर पूरी तरह से पाबंदी हो ताकि इससे होने वाले प्रदूषण को रोका जा सके। गोपाल राय ने आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केन्द्र और राज्य की कृषि मंत्रियों की संयुक्त बैठक में पराली जलाने के मामलों को कम करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया की इस वर्ष दिल्ली सरकार पांच हजार एकड़ से ज्यादा खेतों में नि:शुल्क बायो डी-कंपोजर का



छिड़काव करा रही है। साथ ही, पराली जलाने की घटनाओं के खिलाफ कड़ी निगरानी रखने और निरीक्षण के लिए 11 टीमें तैनात की गई हैं। किसानों को धान की फसल के अवशेष न जलाने के लिए ,जागरूकता अभियान के तहत गांवों में 25 किसान जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने इस साल की बैठक में देरी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, पिछले साल अगस्त में इसी तरह की बैठक हुई थी, जिससे हमें रणनीति बनाने के लिए अधिक समय मिला था। इस साल की बैठक अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में हुई। अगर यह तीन महीने पहले आयोजित की गई होती तो हम प्रदूषण की समस्या से अधिक प्रभावी ढंग से निपट सकते थे। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि दिल्ली के अंदर पटाखों के उत्पादन, भण्डारण और किसी भी प्रकार की बिक्री या खरीद पर पूरी तरह प्रतिबन्ध है। यह प्रतिबन्ध पटाखों के ऑनलाइन डिलीवरी पर भी लागू है। दिल्ली की तरह ही एनसीआर राज्यों में भी पटाखों पर पूरी तरह से पाबंदी हो ताकि इससे होने वाले प्रदूषण को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि हालांकि पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है, लेकिन दिवाली के बाद का समय महत्वपूर्ण होगा। राय ने केंद्र और राज्य से आग्रह किया कि वे आने वाले दिनों में अधिक से अधिक प्रयास करें, ताकि सर्दियां आने से पहले प्रदूषण के स्तर पर अंकुश लगाया जा सके, क्योंकि सर्दियों में हवा की गुणवत्ता, स्थिर हवा और ठंडे तापमान के कारण खराब हो जाती है।

## भाजपा सरकार की नकरात्मक कार्यप्रणाली से यूपी की 'छवि' को खतरा : अखिलेश

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की नकारात्मक कार्य प्रणाली से उत्तर प्रदेश की छवि खराब हो रही है। यादव ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार ने पूरे कार्यकाल में पीडीए समाज के साथ भेदभाव किया है। अब पीडीए भाजपा के खिलाफ एकजुट हो गया है तो भाजपाई घबराई हुई है। भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार ने पीडीए समाज के साथ पीडीए



> भाजपा सरकार ने पूरे कार्यकाल में पीडीए समाज के साथ भेदभाव किया है। अब पीडीए भाजपा के खिलाफ एकजुट हो गया है तो भाजपाई घबराई हुई है।

अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ भी हर स्तर पर भेदभाव कर रही है। इस सरकार में जितना अन्याय हुआ उतना कभी नहीं हुआ। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में झूठ और लूट के अलावा कुछ नहीं है। किसानों नौजवानों की समस्याओं का इस सरकार के पास कोई हल नहीं है। भाजपा सरकार ने द्वेष भावना के चलते समाजवादी सरकार में हुए विकास कार्यों को बर्बाद कर दिया। यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार के समय उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश के रूप में जाना जाता था।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

### भाजपा ने जारी की 22 उम्मीदवारों की सूची

**एजेंसी/नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिये प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें 22 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी की गयी सूची के मुताबिक पार्टी ने लातूर ग्रामीण विधानसभा सीट पर रमेश कराड को उम्मीदवार बनया है। गौरतलब है कि यहां पर कांग्रेस ने दिग्गज नेता विलासराव देशमुख के पुत्र धीरज विलासराव देशमुख को मैदान में उतारा है। इस तरह से अब यहां पर लड़ाई कराड और देशमुख के बीच देखने को मिलेगी। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने इससे पहले अपनी पहली सूची में 99 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था। इस तरह से पार्टी अब तक 121 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर सूची जारी की है। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिये 20 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे।

**- भाजपा की ओर से महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिये जारी उम्मीदवारों की सूची इस प्रकार है...**

1 धुले ग्रामीण राम भदाणे
2 मलकापुर चैनसुख मदनलाल संचेती
3 अकोट प्रकाश गुणवंतराव भारसाकले
4 अकोला पश्चिम विजय अग्रवाल
5 वाशिम श्याम खोडे
6 मेलघाट केवलराम काले
7 गढ़चिरौली डॉ. मिलींद नरोटे
8 राजुरा देवराव भोंगले
9 ब्रह्मपुरी कृष्णलाल सहारे
10 वरोरा करण देवतले
11 नासिक मध्य देवयानी सुहास फरांदे
12 विक्रमगढ़ हरिश्चंद्र सखाराम भोये
13 उल्लहासनगर कुमार उत्तमचंद आयलानी
14 पेन रवींद्र दगडू पाटिल
15 खड़कवासला भिमराव तापकीर
16 पुणे छावनी सुनील कांबले
17 कस्बा पेठ हेमंत नारायण रासने
18 लातूर ग्रामीण रमेश कराड
19 सोलापुर शहर मध्य देवेंद्र कोठे
20 पंढरपुर समाधान आवताड़े
21 शिराला सत्यजित देशमुख
22 जत गोपीचंद कुंडलिक पडलकर

## भ्रष्टाचार से 'गड़बड़ा' रहा है आर्थिक आधार : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं का पतन करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इससे भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार ही नहीं बढ़ा है बल्कि सेबी जैसी संस्थाओं में गड़बड़ी होने लगी है जिससे अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंच रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यहां जारी एक बयान में शनिवार को कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर हमला सबसे ज्यादा खतरनाक है। इससे देश की अर्थव्यवस्था में भ्रष्टाचार जड़ जमा रहा है और देश की विकास का आधार खोखला हो रहा है। उन्होंने कहा,संस्थागत पतन ने देश में भाई-



भतीजावाद को बढ़ावा दिया है और हमारी अर्थव्यवस्था अब प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने की बजाय एकाधिकार को बढ़ावा दे रही है। छोटे और मध्यम व्यवसाय प्रतिगामी कर प्रणाली में फंस गए हैं, उद्यमियों को संघर्ष करना पड़ रहा है और खुदरा निवेशक अनिश्चित और असुरक्षित बाजार की ओर देख रहे हैं।

# धर्मनिरपेक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के निहितार्थ



ललित गर्ग

**धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की मूल विशेषता बताते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान में वर्णित समानता व बंधुत्व शब्द इसी भावना के आलोक में वर्णित हैं। साथ ही धर्मनिरपेक्षता को भारतीय लोकतंत्र की अपरिहार्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह समाज में व्यापक दृष्टि वाली उदार सोच को विकसित करने में सहायक है। जिसके बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। जो राष्ट्रीय एकता का भी आवश्यक अंग है।**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने दो हालिया फैसलों में धर्मनिरपेक्षता की विस्तृत व्याख्या करते हुए इसे और मजबूती दी है। असल में धर्मनिरपेक्षता को लेकर संविधान-निमार्ताओं का मुख्य उद्देश्य धार्मिक सहिष्णुता, समानता एवं बंधुत्व भाव से था, लेकिन बाद में यह शब्द भ्रामक हो गया और इसने धर्म के अस्तित्व को ही नकार दिया। राजनेताओं ने अपने-अपने हितों को साधने के लिये इस धर्मनिरपेक्षता शब्द के वास्तविक अर्थ एवं भावना को ही धुंधला दिया। सर्वोच्च अदालत ने बीते सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बाबत धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा बताया और स्पष्ट संकेत दिया है कि धर्मनिरपेक्षता को पश्चिमी देशों से आयातित शब्द के नजरिये से देखने के बजाय भारतीय संविधान की आत्मा के रूप में देखना चाहिए। धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की मूल विशेषता बताते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान में वर्णित समानता व बंधुत्व शब्द इसी भावना के आलोक में वर्णित हैं। साथ ही धर्मनिरपेक्षता को भारतीय लोकतंत्र की अपरिहार्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह समाज में व्यापक दृष्टि वाली उदार सोच को विकसित करने में सहायक है। जिसके बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। जो राष्ट्रीय एकता का भी आवश्यक अंग है।

ध्यातव्य है कि 42वें संविधान संशोधन के बाद भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'पंथनिरपेक्ष' शब्द जोड़ा गया, लेकिन 'पन्थनिरपेक्ष' शब्द का प्रयोग भारतीय संविधान के किसी अन्य भाग में नहीं किया गया है। वैसे संविधान में कई ऐसे अनुच्छेद मौजूद हैं जिनके आधार पर भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य कहा जाता है क्योंकि भारत का संविधान देश के नागरिकों को यह विश्वास दिलाता है कि उनके साथ धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। संविधान में भारतीय राज्य का कोई धर्म घोषित नहीं किया गया है और न ही किसी खास धर्म का समर्थन किया गया है। इसका कारण भारत में अनेकों धर्म और सम्प्रदाय प्रचलित हैं। अतः संविधान निमार्ताओं ने इसको धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में स्वीकार किया। भारतीय समाज का बहुधर्मी व विभिन्न संस्कृतियों का गुलदस्ता होना भी इसकी अपरिहार्यता को दशार्ता है। निश्चित रूप से अदालत ने इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक सुविधा के लिये तल्खी दिखाने वाले नेताओं को भी आईना दिखाया है। पूर्व राष्ट्रपति डा. एस. राधाकृष्णन् ने धर्म निरपेक्षता शब्द के व्यापक हार्द को स्पष्ट करते हुए कहा था- 'धर्मनिरपेक्ष होने का अर्थ अधर्मी होना अथवा संकुचित धार्मिकता पर चलना नहीं होता, वरन इसका अर्थ पूर्णतः आध्यात्मिक होना होता है। निरपेक्ष का अर्थ है कि राष्ट्र की ओर से किसी धर्म विशेष का प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। सब धर्मों के प्रति समानता का व्यवहार किया जाएगा।' भारत के लोकतंत्र एवं संविधान की यही विशेषता है कि इसमें किसी एक धर्म को मान्यता न देकर सभी धर्मों को समान नजर से देखा जाता है।



आजकल धर्मनिरपेक्षता को लेकर चलने वाली बहसें अक्सर जिस तरह का तीखा रूप ले लेती हैं, उसके मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग इन दो फैसलों में इसकी अहमियत रेखांकित हुई है। एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा करार दिया तो दूसरे मामले में इसकी संकीर्ण व्याख्या से उपजी गड़बड़ियां दुरुस्त कीं। दूसरा मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द किए जाने से जुड़ा था, जिसे मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने गलत करार दिया। हाईकोर्ट ने इस एक्ट को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ माना था। धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत की इस संकीर्ण व्याख्या के चलते प्रदेश के 13 हजार से ज्यादा मदरसों में पढ़ रहे 12 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे थे। मगर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जरूरत मदरसों को बैन करने की नहीं बल्कि उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने की है। लेकिन यहां एक प्रश्न यह भी है कि क्या मदरसे मुख्यधारा में आने को तैयार है? क्या मदरसे एक धर्म-विशेष से जुड़ा मामला नहीं है? अदालत का यह मानना कि मदरसों पर रोक लगाने के बजाय उनके पाठ्यक्रम को वक्त की जरूरत और राष्ट्रीय सोच के अनुरूप ढाला जाना चाहिये, उचित एवं संविधान की मूल भावना के अनुरूप है। जिससे छात्रों की व्यापक दृष्टि विकसित हो सके। लेकिन क्या ऐसा संभव है? क्या मदरसे अपने पाठ्यक्रम को संकीर्ण दायरों से बाहर निकाल कर व्यापक परिवेश में नया रूप दे पायेंगे? ऐसा होता है तो अदालत की सोच से भारत की एकता एवं अखण्डता को नयी ऊर्जा मिलेगी। फिर तो अदालत का दो टूक कहना कि यदि किसी भी प्रकार से धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कमजोर पड़ती है तो अंततः इसका नुकसान समाज व देश को ही उठाना पड़ेगा, सही है। भारतीय समाज में सदियों से फल-फूल रही गंगा-जमुनी संस्कृति के पोषण देने के लिये सभी धर्मों एवं सम्प्रदायों को समानता से, बंधुत्व भावना से एवं उदारता से ही देखा जाना चाहिए।

आज धर्म-निरपेक्षता शब्द को लेकर राजनेता एवं राजनीति दो भागों में बंटी हुई है। समाज भी दो भागों मे बंटा है। आजादी के समय एवं संविधान को निर्मित करते हुए अंग्रेजी के सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्म करना भ्रामक हो गया। तब के इसी धर्म-निरपेक्ष शब्द के कारण आज विद्यालयों में धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाती, जिसका परिणाम यही है कि आज विद्यार्थियों का सर्वांगीण व्यक्तित्व-निर्माण नहीं हो रहा है। मैंने अणुव्रत आन्दोलन के प्रवर्तक आचार्य तुलसी के साथ विभिन्न राजनेताओं, धर्मगुरुओं, साहित्यकारों, पत्रकारों की इस शब्द को लेकर चचाओं में सहभागिता की। व्यापक सोच वाले आचार्य तुलसी का विश्वास रहा कि हिन्दुस्तान सम्प्रदाय निरपेक्ष होकर अपनी एकता को बनाए रख सकता है किन्तु धर्महीन होकर एकता को सुरक्षित नहीं रख सकता। लोकतंत्रीय राष्ट्र पर किसी सम्प्रदाय अथवा पंथ का आधिपत्य हो तो वह अपने लोकतंत्रीय स्वरूप को सुरक्षित नहीं रख सकता। इसलिए लोकतंत्रीय राष्ट्र का सम्प्रदाय अथवा पंथ-निरपेक्ष होना अनिवार्य है। साम्प्रदायिक कट्टरता में सहिष्णुता नहीं होती है अतः राजनीति किसी सम्प्रदाय विशेष की अवधारणा से संचालित नहीं होनी चाहिए। इसलिये संविधान में धर्मनिरपेक्ष के स्थान पर सम्प्रदाय-निरपेक्ष, मजहब-निरपेक्ष अथवा पंथ-निरपेक्ष शब्द का प्रयोग होना चाहिए। सम्प्रदाय निरपेक्ष होने का तात्पर्य धर्मनिरपेक्ष, धर्महीन या धर्मविरोधी होना नहीं हैं।'

इसी कारण धर्मनिरपेक्ष शब्द के कारण राजनैतिक दलों के अलग-अलग खेमे बन गए। इससे धर्म विशेष को लेकर पार्टी के द्वारा वोटों की राजनीति चलने लगी। इसीलिये आचार्य श्री तुलसी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पी. वी. नरसिम्हाराव से इस संदर्भ में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा- 'जब तक सेक्युलर शब्द का सही अर्थ नहीं होगा, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों की समस्या नहीं सुलझ सकती।' राजीव गांधी ने इस संदर्भ में नोट्स मांगे। उन्हें विस्तार से सारी बातें उपलब्ध कराई गईं। कुछ समय बाद संविधान में सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्मनिरपेक्ष बदलकर संप्रदायनिरपेक्ष कर दिया गया।' लेकिन संविधान में धर्मनिरपेक्षता शब्द के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गयी। इसीलिये संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि धर्मनिरपेक्षता संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। सर्वोच्च अदालत के फैसले से यह भी साफ हुआ कि संशोधन के द्वारा प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े जाने का मतलब यह नहीं है कि इससे पहले धर्मनिरपेक्षता संविधान का अहम हिस्सा नहीं थी। चाहे समानता के अधिकार की बात हो या संविधान में आए बंधुत्व शब्द की या फिर इसके पार्ट 3 में दिए गए अधिकारों की, ये सब इस बात का साफ संकेत हैं कि धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की मूल विशेषता है। अदालत ने यह भी कहा कि चाहे धर्मनिरपेक्षता हो या समाजवाद, इन्हें पश्चिम के संदर्भ में देखने की जरूरत नहीं। भारतीय परिवेश ने इन शब्दों, मूल्यों, संकल्पनाओं, अवधारणाओं को काफी हद तक अपने अनुरूप ढाल लिया है। वैसे भारतीय समाज ने इस शब्द के मूल भाव का सहजता से अंगीकार किया भी है। यही वजह है कि कोर्ट ने धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान का मूल स्वर बताते हुए इसकी संकुचित व्याख्या करने से बचने के लिये हिदायत दी है।

## संपादकीय

### आतंक और अमन

जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर आतंकवादियों ने सेवा के वहां पर बड़ा हमला किया जिसमें दो सैनिक शहीद हो गए और सेना के दो पोर्टल (कुली) मारे गए। तीन सैनिक भी घायल हुए हैं। यह हमला गुलमर्ग के ऊपरी क्षेत्र बूटा पथरी में हुआ। राज्य में नई लोकतांत्रिक सरकार के शपथ-ग्रहण के बाद यह दूसरा बड़ा आतंकवादी हमला है। इससे पहले रविवार 20 अक्टूबर की रात को आतंकवादियों ने एक डॉक्टर और छह श्रमिकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। यह हमला गांदरबल इलाके में सुरंग परियोजना पर काम कर रहे श्रमिकों के शिविर पर किया गया था। मारे गए श्रमिकों में स्थानीय और बाहरी दोनों शामिल थे। आमतौर पर यह इलाका शांत माना जाता रहा है जहां एक दशक के दौरान कोई बड़ा आतंकी वारदात नहीं हुआ था। इन दोनों आतंकी हमले से यह साफ हो गया है कि राज्य में चुनावी लोकतंत्र को पुनर्जीवित करना शांति एवं स्थिरता की गारंटी नहीं है। गौर करने वाली बात यह है कि हाल के दिनों में जो आतंकी वारदात हुए हैं उनमें से ज्यादातर जम्मू संभाग के सैन्य प्रतिष्ठानों और सैनिक काफिलों पर हुए हैं। हालांकि पिछले 5 वर्षों के दौरान राज्य में शांति बहाली की प्रक्रिया में तेजी आई है। जाहिर है कि अलगाववादी और आतंकवादी समूहों पर यह रास नहीं आ रहा है और शांति बहाली की प्रक्रिया को पीछे धकेलना के लिए यह हमले किए जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रहे आतंकी हमले से कोई भी यह निष्कर्ष निकाल सकता है अभी इस केंद्र शासित प्रदेश में शांति की संभावना भुरभुरी या क्षीण है। पिछले एक सप्ताह में चार छोटे-बड़े आतंकी हमले हुए हैं जो पुलिस प्रशासन और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के लिए बड़ी चुनौती है। पूरे राज्य में आतंकवादी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सुरक्षा उपायों को चाक-चौबंद और मजबूत करने की जरूरत है ताकि शांति भंग करने वालों वाले समूहों को पराजित किया जा सके। सेना के वाहनों, काफिलों और नागरिकों पर होने वाले हमले खुफिया और सूचना तंत्र की कमजोरी को उजागर कर रहे हैं। इस तरह के हमले पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए पुलिस और खुफिया तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता है। हालांकि अलगाववाद और आतंकवाद को जनता का समर्थन नहीं है, लेकिन सीमा पार से आने वाले घुसपैठियों का छोटा सा समूह उग्रवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारों को सरकारों को आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर काम करना होगा ताकि विधानसभा के चुनाव के बाद जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया शुरू हुई है उसका लाभ उठाया जा सके।

## चिंतन-मनन

### स्वस्थ समाज के लिए करें आत्म जागरण

पिछले कुछ समय से अध्यात्म के क्षेत्र में बाजारवाद का प्रभाव बढ़ा है। इसी वजह से अध्यात्म के क्षेत्र में भी अवमूल्यन हुआ है। अतः स्वस्थ समाज के लिए आत्म जागरण जरूरी है। जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद के अनुसार अध्यात्म के क्षेत्र में बाजारवाद ने प्रभाव डाला है और यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक युग है। इसमें पदार्थ की अधिक इच्छा के कारण व्यक्ति अशांत रहता है। अति योगवाद स्वच्छंद और अनियंत्रित भोगवाद के कारण स्वस्थ समाज का निर्माण नहीं हो पा रहा है। इसके लिए हर मनुष्य को अनुशासित व संस्कारित होना होगा, तभी वह समाज व सृष्टि के लिए उपयोगी होगा और व्यक्ति को संस्कारित करना ही अध्यात्म का काम है। आज मनुष्य उपभोक्ता बनकर रह गया है। जागो ग्राहक के नारे पर सिर्फ बाहर से जगाया जा रहा है, जबकि आज आवश्यकता है आत्म जागरण की। आध्यात्मिक अनुष्ठान से ही व्यक्ति के अंतर को जगाया जा सकता है। मनुष्य ने जल, वायु और पृथ्वी की निरंतर उपेक्षा से बहुत कुछ बिगाड़ दिया है। आज पीने लायक जल सिर्फ डेढ़ प्रतिशत बचा है। अगर अब भी मनुष्य नहीं जागा तो जल संकट और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में प्राचीन धरोहरों को संरक्षित करने का काम हो रहा है, ऐसे में अत्यंत प्राचीन काल में बने रामसेतु को भी संरक्षित करना चाहिए। यह धर्म विशेष नहीं बल्कि मानव मात्र की योग्यता और क्षमता का ऐतिहासिक प्रमाण भी है। उत्तरकाण्ड एक ऐसी कथा का वर्णन है जिसमें सभी का निचोड़ है। जो व्यक्ति अपनी ज्यादा प्रशंसा सुनना पंसद करता है, वह कभी ऊंचाई नहीं छू पाता। यही अवगुण दशानन रावण में भी था। वह अपनी गलती को स्वीकार न करते हुए प्रशांसा सुनने में ज्यादा मन लगाता था। रावण को कई बार उसकी पत्नी मन्दोदरी और भाई विभीषण ने समझाया लेकिन उसे बात समझ नहीं आई। इसीलिए प्रभु श्रीराम के हाथों रावण का का नाश हुआ।

# महाराष्ट्र में कांग्रेस की उदारता भाजपा के लिए चिंता का विषय



दिलीप कुमार पाठक

महाराष्ट्र में 288 सीटों पर 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव होना है। महायुति में सीटों के बंटवारे पर सहयोगी दलों के साथ सहमति पहले ही बन चुकी है। अब महा विकास अघाड़ी की बारी है। हालाँकि महा विकास आघाडी ने 85-85-85 सीटों का फामूर्ला निकाला था, बांकी बची हुई सीटों पर कांग्रेस लड़ना चाहती है, लेकिन उद्धव ठाकरे कांग्रेस को पूरी सीटें देना नहीं चाहते। वक़्त कोई भी हो सहयोगी दलों के साथ सीटों का बंटवारा बिल्कुल भी आसान नहीं होता। राजनीति पल - पल बदलती है, खासकर राजनीति नम्बरों पर ही टिकी हुई होती है। हरियाणा की जीती हुई बाजी हारने के बाद कांग्रेस को महाराष्ट्र में बेहद कम सीटों पर संतुष्ट होना पड़ रहा है। जबकि महाराष्ट्र में भी कांग्रेस खासी मजबूत स्थिति में है। जिस महाराष्ट्र में कभी कांग्रेस अपने दम पर सरकार चलाती थी, अब स्थिति ऐसी हो गई है कि गठबंधन के सहारे चलना कांग्रेस की मजबूरी बन गई है। पिछले कई चुनावों में शरद पवार के साथ मिलकर कांग्रेस लड़ती रही है, जबकि अब तो शरद पवार - और कांग्रेस के साथ उद्धव ठाकरे भी आ गए हैं। हालाँकि ज़्यादा मजबूत सहयोगियों के साथ अपनी महत्वाकांक्षाओं को सीमित करना ही पड़ता है। यही गठबंधन धर्म है जो कांग्रेस निभाती हुई दिख रही है। जो तात्कालिक हरियाणा हार की कीमत है जो महाराष्ट्र में चुकानी पड़ रही है। यही कीमत है जो हर बार कांग्रेस चुकाती है सिर्फ़ और सिर्फ़ अपने क्षेत्रीय नेताओ के कारण जो खुद ही सबकुछ हासिल करना चाहते हैं।

कहाँ तो कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीतकर महाराष्ट्र के महा विकास आघाडी में बड़े भाई की भूमिका चाहती थी, लेकिन अब ऐसा होता नहीं दिख रहा। हरियाणा हार - जाने के बाद कांग्रेस को भाजपा से सीधी टक्कर में बेहद कमजोर माना जा रहा है, कांग्रेस हरियाणा में भाजपा से सीधे टक्कर में थी यही कारण है कि हरियाणा हारने के बाद कांग्रेस को निधाना बनाया गया है। यही कारण है ये भी है कि शरद पवार - संजय राउत कांग्रेस के साथ अच्छी खासी बार्गेनिंग करके फायदा उठा रहे हैं। जबकि कांग्रेस की उदारवादी सोच भाजपा के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। हालाँकि कांग्रेस विधानसभा चुनाव में लोकसभा वाला शानदार प्रदर्शन नहीं दोहरा पा रही है। हरियाणा इसका एक बड़ा उदाहरण है, जहां पर जीती हुई बाजी पार्टी ने गंवाई है। अगर महाराष्ट्र की बात करें तो कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव में 16 सीटों पर चुनाव लड़ा जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 13 सीटें जीती हैं, यहां भी 11 सीटों पर उसने बीजेपी प्रत्याशी को मात दी थी। अतः अब संदेश देने का प्रयास हो रहा है कि बीजेपी को हराने में सिर्फ कांग्रेस सक्षम है। ऐसे में पार्टी को अगर फिर महाराष्ट्र में अपनी स्थिति मजबूत करनी है उसे हर कीमत पर अपने पारंपारिक वोटबैंक को मजबूत करना होगा। यानी कि पार्टी को दलित, मुस्लिम और आदिवासी वोटरों को अपने पाले में लाने के लिए भरपूर कोशिश करनी चाहिए। जिस तरह से इस बार के लोकसभा चुनाव ने मराठवाड़ा के मराठा आंदोलन ने कांग्रेस के पक्ष में हवा बनाई, फिर कुछ वैसा ही कमाल पार्टी को करना पड़ेगा। स्थानीय मुद्दों को आगे लेकर चलना होगा।

महाराष्ट्र में 85 सीटों पर लड़ने वाली कांग्रेस महाराष्ट्र में अपना सीएम नहीं बना पाएगी, अब तो यही लग रहा है। चूंकि पिछली बार कुछ ऐसी परिस्थितियां बनी कि सीएम पद तो उद्धव ठाकरे को दे दिया गया था क्योंकि समय की डिमांड कुछ ऐसी ही थी। अब जाहिर है कि कांग्रेस इस बार महाराष्ट्र में बड़े भाई की भूमिका में नहीं है, यही कारण है कि कांग्रेस महाराष्ट्र में वैसी नहीं दिख रही जैसी कांग्रेस कभी होती थी। महाराष्ट्र में भाजपा - कांग्रेस दोनों एक दूसरे को रोकने के लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं की बलि दे रहीं हैं, जहां बेहद कम सीटों वाले शिंदे को भाजपा ने सीएम बना दिया था। जबकि कांग्रेस ने अपने सिद्धांतो से समझौता करते हुए उद्धव ठाकरे को सीएम बना दिया था। देखा जाए तो हर राज्य का चुनाव दूसरे राज्यों से अलग होता है, सभी के मुद्दे अलग होते हैं। भाजपा महाराष्ट्र को हरियाणा की तरह जीतना चाहती है, जबकि महाराष्ट्र एवं हरियाणा में कुछ फर्क़ हैं जो कांग्रेस के लिए राहत की बात हैं। दरअसल कांग्रेस पार्टी हर बार आपसी खींचतान अंदरुनी कलह, गुटबाजी में अव्वल रही है, कांग्रेस में अनुशासन की भारी कमी दिखती रही है, जबकि भाजपा अपनी अंदरुनी मामलों को पहले ही निपटा लेती है। कांग्रेस की अंदरुनी कलह भाजपा के लिए हमेशा फायदे का सबब होती रही है। हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश इसके ताजा उदाहरण हैं।

हालाँकि कांग्रेस के लिए महाराष्ट्र में एक राहत की बात यह जरूर है कि महाराष्ट्र में कांग्रेस किसी एक लोकल नेता पर निर्भर नहीं है। जैसे राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट को लेकर विवाद था, हरियाणा में हुड्डा बनाम शैलजा की जंग थी। एमपी में कमलनाथ की मनमानी थी। लेकिन महाराष्ट्र में तो उसके अलग-अलग इलाकों में अलग स्थानीय नेता सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। ऐसे में महत्वकांक्षा या सत्ता की वो रस्साकशी यहां देखने को नहीं मिलने वाली। उदाहरण के लिए लातूर में अमित देशमुख, गढ़चिरौली और चंद्रपुर में विजय वडेट्टीवार, भंडारा में नाना पटोले अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं, महाराष्ट्र में कांग्रेस नेताओ की अंदरुनी कलह जैसी कोई स्थिति नहीं है जबकि अभी सीएम बनने - बनाने की बात अभी दूर की बात है क्योंकि अभी महा विकास आघाडी चुनाव लड़ने पर फोकस करना चाहेगी। महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी का अपने नेताओं पर अंकुश पार्टी के लिए एक अच्छा संकेत है जबकि भाजपा के लिए एक चिंता का विषय बना हुआ है, क्योंकि भाजपा के लिए जीत की राहें यहीं से बनना शुरू होती हैं।

# मुद्दाः तय हो सांसदों-विधायकों की जवाबदेही




रजनीश कपूर

चौदहवीं लोक सभा के अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने अपने एक वक्तव्य में कहा था कि संसद का बहिष्कार करने वाले सांसदों का दैनिक भत्ता काट लिया जाना चाहिए। आपको शायद ज्ञात हो कि लोक सभा सत्र के दौरान मात्र एक मिनट की कार्यवाही पर सदन का खर्चा लगभग ढाई लाख रुपए आता है। चटर्जी का मानना था कि ऐसे कानूनी प्रावधान या नियम तय किया जाना चाहिए जिनसे सांसद सदन के प्रति अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं। पर अफसोस है कि इस महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर तब से अब तक ऐसा कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। निःसंदेह यह गंभीर समस्या है कि जनता के चुने हुए प्रतिनिधि चाहे वे सांसद हो या विधायक अक्सर सदन के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह गंभीरता से नहीं करते।

वैसे तो सांसदों के आचरण से क्षुब्ध हो कर तत्कालीन दिवंगत लोक सभाध्यक्ष जीएमसी बालयोगी ने भी यह मांग उठाई थी और कुछ सख्त कार्यवाही पर सहमति भी बनी थी पर उसे लागू करने में विभिन्न पार्टी नेताओं की आनाकानी से उसमें वे सफल नहीं हो पाए थे, परंतु इस मुद्दे पर यदि गंभीरता से सभी पार्टी नेता अपना सहयोग सांसदों के आचरण के सुधार की पहल में करते हैं तो कोई कारण नहीं जो लोक सभा की कार्यवाहियों के समय को जाया जाने से बचाया न जा सके। अगर ऐसा लोक सभा में हो जाता है तो इससे सीख लेकर प्रदेश सरकार अपने-अपने विधानसभाओं में विधायकों को सांसदों के आचरण का अनुसरण जैसी सीख देने में सफल हो सकते हैं वरना जनता के खून-पसीने की कमाई को यूं ही जनसेवक बर्बाद करते रहेंगे और जनता यूं ही देखती रह जाएगी। ऐसे तमाम उदाहरण हैं जहां सांसदों के आचरण के कारण कई लोक सभा सत्र के दौरान हो-हल्ला मचने से बर्बाद हुए। अब आप समझ सकते हैं कि मात्र एक मिनट लोक सभा कार्यवाही का खर्चा जब ढाई लाख रुपए आता है तो बीते लोक सभा सत्रों के दौरान इतने समय की कीमत से अगर विकास कार्य होता या किसानों के कर्ज को माफ किया गया होता तो आए दिन कर्ज के कारण देश जिस प्रकार किसान आत्महत्या कर रहे हैं उनमें से कुछ को अवश्य ही बचाया जा सकता है। एक तरफ तो कर्ज और भुखमरी के कारण लोग असमय मर रहे हैं और दूसरी ओर समय की कीमत को न समझना यह समझदारी कतई नहीं हो सकती। कुछ वर्ष पहले पत्रकार सूर्य प्रकाश ने सांसदों के व्यवहार पर एक शोध किया। अनेकों सांसदों से बातचीत के आधार पर उन्होंने अंग्रेजी में अपनी पुस्तक 'व्हाट एल्स इंडियन पार्लियामेंट-एन एग्जक्टिव डायग्नोसिस' छापी। जिसमें खुद सांसदों ने यह स्वीकारा था कि वे किस तरह का गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार सदन में करते हैं। मसलन, सांसदों ने ही बताया कि किस तरह बिना कोरम पूरे किए ही महत्त्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा की खानापूर्ति हो जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि अक्सर सांसदों की रुचि संसद की कार्यवाही में नहीं होती और वे अपनी उपस्थित रजिस्टर पर दस्तखत करके सत्र के दौरान सदन से गायब रहते हैं, दस्तखत इसलिए करते हैं कि उन्हें भत्ते के रूप में मिलने वाली धनराशि 1000 मिल जाए। सांसदों ने यह भी बताया कि प्रश्न पूछने के लिए किस तरह के गैर-जिम्मेदाराना कार्य किए जाते हैं, जिनसे अपने क्षेत्र या देश का हित नहीं बल्कि निहित स्वार्थों का हित पूरा होता हैं। पिछले एक दशक में उजागर हुए अनेक किस्म के घोटालों से बहुत से सांसदों के चरित्र और कार्य शैली पर प्रश्नचिह्न लग गए हैं, जिनका यहां खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। इस सब के बावजूद यह जरूरी है कि जनता के चुने हुए प्रतिनिधि चाहे वे सांसद हो या विधायक सदन के प्रति जिम्मेवारी से व्यवहार करें और इसके लिए कानून और नियमों में आवश्यक सुधार किए जाएं। सांसदों को अनुशासित करने की दृष्टि से लोक सभा अध्यक्ष को यह पहल करनी ही चाहिए और हर दल के अध्यक्ष को इस प्रयास में सकारात्मक सहयोग देना चाहिए। इससे सदन की गरिमा बढ़ेगी और विधायिका के प्रति जनता में विश्वास बढ़ेगा। जब सरकारी अधिकारियों, शिक्षकों और निजी क्षेत्र में लगे लोगों से अनुशासित आचरण की अपेक्षा की जाती हैं और जरा सी लापरवाही पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाती है तो फिर सांसदों और विधायकों से ऐसे आचरण की अपेक्षा क्यों न की जाए।

कहावत भी है कि यथा राजा तथा प्रजा। सांसदों और विधायकों का आचरण अनुकरणीय होना चाहिए। निजी जीवन में न सही पर कम से कम सदन में तो उसकी मयार्दा के अनुरूप आचरण किया ही जाना चाहिए। जो भी सांसद या विधायक सदन की कार्यवाही के दौरान उपस्थित रजिस्टर पर दस्तखत करने के बाद भी उपस्थित न रहे उनका दैनिक भत्ता



तो काटा ही जाए लगातार तीन बार ऐसा करने पर संसदीय समितियों से हटा दिया जाए और इसके बावजूद उनका व्यवहार न बदले तो दिल्ली में दी गई उन्हें आवास या अन्य सुविधाएं वापस लेने की कार्यवाही शुरू करनी चाहिए। कुल मिलाकर प्रयास यही होना चाहिए कि सांसद और विधायक सदन के सत्र के दौरान जिम्मेदारी से व्यवहार करें, जिससे जनता की आस्था उनमें बढ़े। जो भी लोक सभा अध्यक्ष, जब भी ऐसा प्रयास करे, तो ऐसे प्रयास का मुक्त ह्रदय से समर्थन किया जाना चाहिए। पूरे देश के जागरूक नागरिकों विशेषकर युवाओं को ऐसे प्रयास के समर्थन में अध्यक्ष को पत्र भी लिखने चाहिए जिससे उनका मनोबल बढ़े।

# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरूवार, शनिवार, सोमवार | 31.10.24 से 07.11.24 |
| 02270 | लखनऊ (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02248 | नई दिल्ली (तेजस त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 29.10.24 से 05.11.24 |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 29.10.24, 01 एवं 04.11.24 |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | सोम, गुरू, रवि, बुध | 28, 31.10.24, 03 एवं 06.11.24 |
| 02250 | नई दिल्ली | 23:55 | पटना जं | 16:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 31.10.24 तक |
| 02249 | पटना जं | 17:50 | नई दिल्ली | 11:00 | | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरूवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरू, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरूवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.10.24 से 27.11.24 |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी जं | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 28.10.24 से 18.11.24 |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार जं | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 30.11.24 तक |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 04608 | जम्मू तवी | 20:20 | हावड़ा जं. | 13:20 | तिथि वार | बुधवार एवं सोमवार | 30.10.24 एवं 04.11.24 |
| 04607 | हावड़ा जं. | 23:45 | जम्मू तवी | 15:20 | | शुक्रवार एवं बुधवार | 01.11.24 एवं 06.11.24 |
| 04680 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:40 | कामाख्या | 21:00 | तिथि वार | सोमवार एवं शनिवार | 28.10.24 एवं 02.11.24 |
| 04679 | कामाख्या | 06:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:20 | | गुरूवार एवं मंगलवार | 31.10.24 एवं 05.11.24 |
| 04662 | अमृतसर जं. | 20:10 | सहरसा | 05:00 | तिथि वार | मंगलवार एवं रविवार | 29.10.24 एवं 03.11.24 |
| 04661 | सहरसा | 10:00 | अमृतसर जं. | 18:20 | | गुरूवार एवं मंगलवार | 31.10.24 एवं 05.11.24 |
| 05001 | गोरखपुर जं. | 19:30 | दिल्ली जं. | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 27.10.24 से 10.11.24 |
| 05002 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 09:55 | | सोमवार | 28.11.24 से 11.11.24 |
| 05111 | छपरा जं. | 14:00 | नई दिल्ली | 11:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 28.10.24 से 11.11.24 |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा जं. | 11:30 | | मंगलवार | 29.11.24 से 12.11.24 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर जं | 00:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल (वाया बरेली) | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09076 | काठगोदाम (वाया बरेली) | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरूवार | 26.12.24 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 04.11.24 तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं | 06:30 | | गुरूवार | 07.12.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरूवार को छोड़कर | 30.10.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 31.10.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरूवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरूवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01123 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 12:15 | गोरखपुर | 18:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 03.11.24 तक |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 04.11.24 तक |
| 01431 | पुणे (वाया लखनऊ) | 16:15 | गोरखपुर | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 01432 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 02.11.24 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 13.11.24 तक |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 12.11.24 तक |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा जं (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरू, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरू, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरूवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 19:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुणे | 22:30 | | शनिवार | 02.11.24 तक |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 02.12.24 Upto |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05037 | बनारस | 19:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |
| 05038 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | बनारस | 01:10 | | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 05273 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 02.11.24 को |
| 05274 | दौराई | 23:45 | दरभंगा जं. | 06:50 | | रविवार | 27.10.24 एवं 03.11.24 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, भोपाल में पार्टी के राज्य मुख्यालय में भाजपा राज्य संगठन पर्व-2024 कार्यशाला के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ बात चित करते हुए ।

# पीएम मोदी सोमवार को गुजरात में

## स्पेन के प्रधानमंत्री के साथ करेंगे टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्पलेक्स का उद्घाटन

एजेंसी

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को गुजरात दौरे पर आयेंगे और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ के साथ टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) के वडोदरा परिसर में सी-295 परिवहन विमान के विनिर्माण के लिए स्थापित परिसर का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा यहां शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है। श्री मोदी गुजरात के इस दौरे में कई अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी करेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी सोमवार को दस बजे वडोदरा में टीएएसएल परिसर में स्पेन के प्रधानमंत्री श्री पेड्रो के साथ टाटा वायुयान विनिर्माण सुविधा का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी वहां से 11 बजे वडोदरा के लक्ष्मी विलास पैलेस जाएंगे और वहां से अमरेली जाएंगे और करीब 2:45 बजे दुधाला में भारत माता सरोवर का उद्घाटन करने के साथ वहीं से



4,900 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरे में लगभग 1,100 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई भुज-नालिया रेल गेज रूपांतरण परियोजना राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस व्यापक परियोजना में 24 प्रमुख पुल, 254 छोटे पुल, तीन रोड ओवरब्रिज और 30 रोड अंडरब्रिज शामिल हैं और यह कच्छ जिले के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गौरतलब है कि यूरोपीय विमान विनिर्माता एयरबस डिफेंस एंड स्पेस और टाटा समूह ने भारतीय वायुसेना के लिए सी-295 परिवहन की आपूर्ति और विनिर्माण का करार किया है। इसके तहत भारत कुल 56 विमान खरीदेगा जिसमें 16 विमान एयरबस डिफेंस के स्पेन कारखाने से सीधे मंगाए जा रहे हैं शेष 40 भारत में बनाए जाने हैं।
टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड बडादारा सुविधा भारत में निजी क्षेत्र में किसी सैन्य विमान के निर्माण को सम्पन्न करने वाली पहली असेंबली लाइन (एफएएल) होगी। इसमें विमान के निर्माण से लेकर संयोजन, परीक्षण और योग्यता, वितरण और विमान के रखरखाव तक एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र शामिल है। इस विमान के भारत में निर्माण में सरकारी क्षेत्र की कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड जैसी प्रमुख कंपनियां तथा सूक्ष्म, लघु और मझोले क्षेत्र के कई उद्यम भी योगदान देंगे। मोदी ने अक्टूबर 2022 में टाटा समूह के इस वायुयान विनिर्माण परिसर की आधारशिला रखी थी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री अमरेली में दुधाला में जिस भारत माता सरोवर का उद्घाटन करेंगे वह गुजरात सरकार और निजी क्षेत्र के ढोलकिया फाउंडेशन के सहयोग से विकसित की गई है। ढोलकिया फाउंडेशन ने एक चेक डैम की क्षमता बढ़कर 24.5 करोड़ लीटर की गई है। मोदी अमेरेली में एक सार्वजनिक समारोह में अमरेली और उसके आस पास लगभग 4,900 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं से राज्य के अमरेली, जामनगर, मोरबी, देवभूमि द्वारका, जूनागढ़, पोरबंदर, कच्छ और बोटाद जिलों के नागरिकों को लाभ होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री 2,800 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उद्घाटन की जाने वाली परियोजनाओं में एनएच 151, एनएच 151ए और एनएच 51 और जूनागढ़ बाईपास के विभिन्न खंडों को चार लेन बनाने की परियोजना भी शामिल है। इस कार्यक्रम में जामनगर जिले के ध्रोल बाईपास से मोरबी जिले के अमरान तक शेष खंड की चार-लेन परियोजना की आधारशिला भी रखी जाएगी। प्रधानमंत्री अमरेली जिले में जल आपूर्ति विभाग की 700 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा मोदी पर्यटन से संबंधित विकास पहलों की आधारशिला भी रखेंगे, जिसमें पोरबंदर जिले के मोकरसागर में कार्ली रिचार्ज जलाशय को विश्व स्तरीय टिकाऊ इको-पर्यटन गंतव्य में बदलना शामिल है।

## ट्रक दोपहिया वाहन पर गिरा, चार मजदूरों की मृत्यु

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के सेंधवा में मिर्च से भरा ट्रक असंतुलित होकर एक दुपहिया वाहन पर गिर जाने के चलते चार मजदूरों की मृत्यु हो गई। कल देर रात की इस घटना के मृतकों में पिता पुत्र भी शामिल है। सेंधवा शहर थाना पुलिस के मुताबिक पुराने आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक के असंतुलित होकर दुपहिया वाहन पर गिर जाने के चलते चार मजदूरों की मृत्यु हो गई। मजदूर एक ही दुपहिया वाहन पर सवार थे और जिनिंग फैक्ट्री में काम कर घर लौट रहे थे। मृतक मजदूरों की शिनाख्त बबलू मेहता (17), रिगनिया मेहता (40), उसका पुत्र जितेंद्र मेहता (18) और श्यामलाल मेहता (35) के रूप में हुई है। ये सभी सेंधवा स्थित एक जिनिंग फैक्ट्री में काम कर सालीकला स्थित अपने घर लौट रहे थे। वहीं ट्रक पानसेमल क्षेत्र के दोंदवाड़ा से इंदौर जा रहा था। बताया जा रहा है कि ट्रक पहले एक गाय से टकराया, जिससे वो असंतुलित हो गया। गाय की भी मृत्यु हो गई। इसके बाद ट्रक चालक तथा सहचालक मौके से फरार हो गए।

# मुख्य समाचार

## राजकोट-गोरखपुर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के ठहराव में बदलाव

**राजकोट।** राजकोट-गोरखपुर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के ठहराव में बदलाव करने का निर्णय लिया गया है। मंडल रेल प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि उत्तर मध्य रेलवे के गोविंदपुरी स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेन संख्या 09597/09598 राजकोट-गोरखपुर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का ठहराव आठ नवंबर से 22 दिसंबर तक गोविंदपुरी के स्थान पर कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन के मार्ग में वाले अन्य किसी भी स्टेशनों और स्टॉपेज के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया।

## रायगढ़: करंट लगने से एक शावक समेत तीन हाथियों की मौत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में करंट की चपेट में आने से एक साथ तीन हाथियों की मौत हो गई। रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के जंगल में इन दिनों 78 हाथी दो दलों में विचरण कर रहा है। शुक्रवार की देर रात चुह्कीमार जंगल में बिछे 11केवी लाइन के तार टूट जाने से उसकी चपेट में आने से तीन हाथियों की मौत हो गई, जिसमें एक शावक के भी शामिल होने की बात कही जा रही है। इस घटना की खबर मिलते ही रायगढ़ वन मंडल की डीएफओ स्टाइलो मंडावी भी मौके के लिए रवाना हुए।

## कुलगाम में सेना का वाहन पलटने से एक सैनिक शहीद, आठ घायल

**श्रीनगर।** जम्मू- कश्मीर के कुलगाम जिले में सेना का वाहन पलट जाने से एक सेना का जवान शहीद हो गया और आठ अन्य घायल हो गये। सेना के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि दुर्घटना कुलगाम के दम्हल हंजिपोरा में शुक्रवार देर रात तब हुई, जब कुछ सैनिक एक अभियान के लिये जा रहे थे। उसी दौरान, उनका वाहन दम्हल हांजीपोरा में फिसलकर पलट गया। इसमें एक सैनिक शहीद हो गया और आठ सैनिक घायल हो गये। घायल सैनिकों को तत्काल अस्पताल भर्ती कराया गया है, जहाँ उनकी हालत स्थिर है। फिलहाल, शहीद सैनिक की पहचान नहीं हो पायी है। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने 'एक्स' पर लिखा, 25 अक्टूबर की रात , कुलगाम जिले में एक अभियान के दौरान सेना का वाहन फिसलकर पलट गया।

## ईसीओआर फंसे हुए यात्रियों के लिए पुरी से शालिमार के लिए विशेष ट्रेन चलाएगा

**भुवनेश्वर।** पूर्व तटीय रेलवे (ईसीओआर) ने शुक्रवार को फंसे हुए यात्रियों के लिए ओडिशा में पुरी से शालीमार (हावड़ा) और शालीमार (हावड़ा) से पुरी के लिए एक विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया। विशेष ट्रेन अतिरिक्त भीड़ को दूर करने और पुरी से हावड़ा/कोलकाता और वापसी दिशा के यात्रियों की सेवा करने में मदद करेगी। ट्रेन संख्या 08490 पुरी-शालीमार स्पेशल पुरी से 26 अक्टूबर, शनिवार को रात 11-20 बजे शालीमार के लिए रवाना होगी। वहीं, वापसी दमें, शालीमार से यह ट्रेन 27 अक्टूबर, रविवार को सुबह 10-50 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन पुरी और शालीमार के बीच दोनों दिशाओं से मालतीपटपुर, खुर्दा रोड, भुवनेश्वर, कटक, जाजपुर क्योंझर रोड, भद्रक, बालेश्वर, खड़गपुर, संतरागाछी में रुकेगी। इसमें एक एसी-2 टियर, तीन एसी-3 टियर, 10 स्लीपर क्लास, चार द्वितीय श्रेणी सीटिंग और दिव्यांगजन द्वितीय श्रेणी सीटिंग के साथ दो गार्ड सह लगेज वैन होंगे।

## खरगे के कार्यकाल को दो साल पूरा होने पर राहुल ने दी बधाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने मल्लिकार्जुन खरगे के कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर शनिवार को उन्हें बधाई दी। इस मौके पर गांधी तथा पार्टी के अन्य कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में खरगे दो साल पूरे होने पर दो केक भी काटे। इस मौके गांधी समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने श्री खरगे को बधाई और शुभकामनाएं दीं। गांधी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, मल्लिकार्जुन खरगे जी को कांग्रेस अध्यक्ष के दो साल पूरे करने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। आपके नेतृत्व ने पार्टी के जनसेवा के संकल्प को सशक्त किया है। उन्होंने कहा, आपका संघर्ष और अनुभव हमें प्रेरित करता है।संविधान और जनता के हितों की रक्षा के लिए आपका मार्गदर्शन हर न्याय योद्धा के लिए बहुमूल्य है।

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से व० मण्डल बिजली इंजीनियर/टी. आर.एस, इलेक्ट्रिक लोको शेड, खानआलमपुरा यार्ड, सहारनपुर निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर रजिस्टर्ड/पंजीकृत निविदाकर्ताओं से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| खुली निविदा संख्या | ई.एल.एस.-एस.आर.ई.-टी-51 |
| कार्य का विवरण | इलेक्ट्रिक लोको शेड सहारनपुर में 02 वर्षो तक विविध रखरखाव एवं सफाई कार्य । |
| समापन/खोलने की तिथि | 20.11.2024 |
| लगभग लागत | रू 57,99,393/- |
| अर्नेस्ट मनी | रू 1,16,000/- |
| समापन अवधि | दो वर्ष |
| वैधता अवधि | 60 दिन |
| निविदा फॉर्म की लागत | आई० आर० ई० पी० एस० से डाउनलोड हेतु निःशुल्क तथा रुपये 5000/- Sr.DEE/TRS/SRE ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए। |

1. वर्क्स निविदाएं की ई-टेंडरिंग में भाग लेने के निविदाकारों के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए। 2. निविदाकर्ता को सभी पात्रता संबंधित दस्तावेजों की स्कैन प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 3. सभी कर वर्तमान नियम के अनुसार लागू होंगे। 4. विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग इन करें।
संख्याः ई.एल.एस.-एस.आर.ई.- टी-51 दिनांक 25.10.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3330/24


## राष्ट्रपति को छत्तीसगढ़ राजभवन में दी गयी विदाई

रायपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के छत्तीसगढ़ के प्रवास के अंतिम दिन राजभवन में उन्हें ससम्मान बिदाई दी गई। राष्ट्रपति मुर्मु को राज्यपाल रमेन डेका द्वारा छत्तीसगढ़ की पहचान, बेल मेटल से निर्मित स्मृति चिन्ह और विश्व प्रसिद्ध कोसा की साड़ी भेंट की गई। राष्ट्रपति मुर्मु ने भी राष्ट्रपति भवन की काष्ठ से निर्मित प्रतिकृति उन्हें भेंट की। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी भी उपस्थित थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और राज्यपाल रमेन डेका ने आज सुबह गायत्री नगर रायपुर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में महाप्रभु श्री जगन्नाथ भगवान की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों सहित देशवासियों की समृद्धि एवं सुख-शांति की कामना की।

# राष्ट्रपति को अपने बीच पाकर गौरावान्वित हुये आदिवासी

एजेंसी

**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपने बीच पाकर छत्तीसगढ़ के लोग हमेशा गौरवान्वित होते हैं, विशेष रूप से यहां के जनजातीय समाज स्वयं को बहुत प्रतिष्ठित महसूस कर रहा है। छत्तीसगढ़ के गौरवशाली 'पुरखौती मुक्तांगन' में आयोजित सरगुजा प्रखण्ड के लोकार्पण और महतारी वंदन की 9 वीं किस्त की राशि के अंतरण के अवसर पर छत्तीसगढ के आदिवासी समुदाय के लोगों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदायों के लोग अपनी जीवन-पद्धति, खान-पान, लोक-नृत्य, लोक-संगीत, लोकवाद्यों, कलाओं रीति-रिवाजों, तीज-



त्यौहारों, अस्थाओं और अन्य आदिम परंपराओं को सहेज कर रखा है। नर्तक दलों ने अपने नृत्य के माध्यम से बताया कि जनजातीय समाज के गौरव और आत्मसम्मान को बढ़ाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। जनजातीय समाज का कल्याण करने सरकार प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ के गौरवशाली 'पुरखौती मुक्तांगन' में भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपने बीच पाकर हमारे छत्तीसगढ के आदिवासी समुदाय के लोगों ने अपनी पहचान नृत्य के माध्यम में प्रस्तुत की। जिला सरगुजा, विकासखण्ड मैनपाट के ग्रमा डांगबुड़ा के नर्तक दल ने सरगुजा संभाग के आदिवासियों के प्रसिद्ध लोकनृत्य करमा का पुरूष पारंपरिक वेशभूषा में धोती, कुर्ता, पगड़ी, मयूरपंख सहित और महिलाएं साड़ी- ब्लाउज के साथ पैर में घुंघरू पहनकर मांदर और झांझ बजाते हुए नृत्य का प्रदर्शन किए। करमा नृत्य लगभग हर खुशी के अवसर पर किया जाता है। इसी प्रकार दंतेवाडा जिला के विपकासखण्ड गीदम के ग्राम जोड़तराई के नर्तकदल ने गौर नृत्य कर पारंपरिक बस्तर के विभिन्न त्यौहारों के जैसे- अमुस तिहार, नवाखाई आमा पण्डुम, शादी-विवाह आदि में महिलाओं और पुरूषों के द्वारा मिलकर सामुहिक रूप से पारंपरिक तरीके से नृत्य का प्रदर्शन किए। जिला जशपुर के विकासखण्ड कांसाबेल के ग्राम टाटीडांड के नर्तकों ने करमा अपने नृत्य के माध्यम से बताया कि करमा दशहरा के चार दिन बाद गाड़ते हैं, शाम को करम डगाल काटकर गाड़तें हैं और रातभर करमा नृत्य करते हैं । यही राजी करमा के नाम से भी जाना जाता है। इस करमा को बड़े घुमघाम से मनाया जाता है। इसी प्राकर दीपावली करमा दीपावली के दिन शाम को करम पेड से डगाल काटकर गाडते हैं और और रातभर करमा नृत्य करते हुए सुबह विसर्जन करते हैं। इस करमा में गोवर्धन पूजा, लक्ष्मी पूजा भी करते हैं।

# मुरुगन तमिल संस्कृति उत्सव में हुए शामिल

एजेंसी

**भोपाल।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन भोपाल में तमिल संस्कृति उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कल देर शाम आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तमिल हस्तियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर डॉ मुरुगन ने कहा



कि चंद्रयान से लेकर सांस्कृतिक क्षेत्र और व्यवसाय से लेकर रोजगार तक तमिल हस्तियां अपने समर्पण से देश को सशक्त बना रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल की सराहना की। डॉ मुरुगन ने कहा कि तमिल संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने में प्रधानमंत्री मोदी का बड़ा योगदान है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन तमिल संगम भोपाल द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद विष्णुदत्त शर्मा और विधायक भगवान दास सबनानी भी शामिल हुए।

## नये स्मार्ट शहरों में प्रशासनिक भवन प्रकृति के करीब, ऊर्जा-दक्ष होंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम लिमिटेड (एनआईसीडीसी) के तहत विकसित किये जाने वाले नये स्मार्ट शहरों में बनाये जाने वाले प्रशासनिक भवनों को पारिस्थितिकी की दृष्टि से स्वस्थ और प्रकृति से जुड़ाव वाला रखने तथा उनका डिजाइन ऊर्जा-दक्ष रखने पर पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। इस परियोजनाओं का विकास वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की प्रशासनिक निगरारी के तहत किया जा रहा है। मंत्रिमंडल ने ऐसे 12 समार्ट औद्योगिक शहरों के विकास के प्रस्ताव को अनुमति दी है, जो विविध प्रकार की परिवहन प्रणालियों से अच्छी तरह जुड़े होंगे।

# लल्लूभाई सेठ आरोग्य मंदिर में हुआ 19,50,000 मरीजों का नि :शुल्क इलाज

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात के अमरेली जिले के सावरकुंडला स्थित श्री विद्यागुरु फाउंडेशन द्वारा संचालित श्री लल्लूभाई सेठ आरोग्य मंदिर (मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल) में अब तक 19,50,000 मरीजों का मुफ्त इलाज किया जा चुका है। श्री विद्यागुरु फाउंडेशन के संस्थापक ट्रस्टी और श्री लल्लूभाई शेठ आरोग्य मंदिर के संस्थापक डॉ. नंदलाल मानसेता ने शुक्रवार को यहां बताया कि परम वंदनीया प्रातः स्मरणीय पू. गांधी बापू कहते थे कि कोई भी काम शुरू करो तो सबसे छोटे (अंतिम) आदमी के बारे में सोचना चाहिए और उस पर अमल




करना चाहिए, इसी विचार पर अमल करते हुए 2015 से लगातार दिन-रात 24 घंटे चलने वाला दर्दीनारायण का यज्ञ श्री लल्लूभाई सेठ आरोग्य मंदिर की शुरुआत पूज्य संत श्री मोरारीबापू के आशीर्वाद से हुई। डॉ नंदलाल मानसेता ने कहा कि अपने दसवें वर्ष के जश्न के हिस्से के रूप में, श्री विद्यागुरु फाउंडेशन अगले सौ वर्षों तक निर्बाध मुफ्त सेवा प्रदान करने का संकल्प लेगा, साथ ही हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रमेश कपाड़िया को सम्मानित किया जाएगा। आजकल हर आयु वर्ग के लोग हृदय रोग से पीड़ित हैं। शहर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रमेश कपाड़िया के हृदय संबंधी उपचार से राज्य के कई लोगों को हृदय संबंधी समस्याओं से लाभ मिला है, जिनकी उपचार पद्धति की सराहना के कदर करते हुए श्री विद्यागुरु फाउंडेशन की ओर से उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2011 में हमारी भाषा के महान लेखक एवं शिक्षाशास्त्री श्री रतिलाल बोरिसागर साहब के पुराने छात्रोने मोरारीबापू द्वारा विद्यागुरु उनका सम्मान करते हुए विद्यागुरु फाउंडेशन की शुरुआत की।

# गैर-टीपी क्षेत्र के भूमि धारकों को राहत देने का निर्णय

एजेंसी

**गांधीनगर।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के आठ शहरों और भरूच-अंकलेश्वर शहरी विकास प्राधिकरण के क्षेत्रों में शामिल गैर-टीपी (टाउन प्लानिंग) क्षेत्र के भूमि धारकों को वर्तमान में देय प्रीमियम में राहत प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सरकार सूत्रों ने शनिवार को बताया कि इस निर्णय के अनुसार, डी-1 श्रेणी में आने वाले अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण (औडा), गांधीनगर शहरी विकास प्राधिकरण (गुडा), सूरत शहरी विकासक प्राधिकरण (सुडा), वडोदरा शहरी विकास प्राधिकरण (वुडा) और राजकोट शहरी विकास प्राधिकरण (रुडा)



तथा डी-2 श्रेणी में आने वाले जूनागढ़ शहरी विकास प्राधिकरण (जुडा), जामनगर शहरी विकास प्राधिकरण (जाडा) और भावनगर शहरी विकास प्राधिकरण (भाडा) के क्षेत्रों के अलावा भरूच-अंकलेश्वर शहरी विकास प्राधिकरण के क्षेत्रों में शामिल गैर-टीपी क्षेत्र में 40 फीसदी कटौती के बाद 60 फीसदी भूमि पर प्रीमियम वसूल किया जाएगा। मुख्यमंत्री के इस निर्णय के परिणामस्वरूप राज्य के डी-1 और डी-2 श्रेणी के आठ शहरों और भरूच-अंकलेश्वर शहरी विकास प्राधिकरण के क्षेत्रों में शामिल गैर-टीपी क्षेत्र के भूमि धारकों को कटौती में जाने वाली भूमि पर देय प्रीमियम से मुक्ति मिलेगी और उन्हें 40 फीसदी कटौती के नियम के बाद केवल बाकी बचे निर्दिष्ट भूखंड के अंतिम हिस्से के क्षेत्र पर ही प्रीमियम देना होगा। भूपेंद्र पटेल के इस जनहितैषी निर्णय से गैर-टीपी क्षेत्र में 40 फीसदी कटौती की जमीन पर देय राजस्व प्रीमियम की राशि से मुक्ति मिलने के कारण निर्माण क्षेत्र में प्रॉपर्टी की कीमतों में गिरावट आएगी और उसका सीधा लाभ मध्यम वर्ग के परिवारों को मिलेगा।
पटेल के समक्ष ऐसे अनेक मामले आए थे, जिनमें राज्य में इन शहरी विकास प्राधिकरणों में शामिल क्षेत्रों में ऐसे गैर-टीपी क्षेत्रों जहां नगर नियोजन योजना की घोषणा नहीं हुई है, वहां 40 फीसदी भूमि कटौती के बाद प्लॉट वैलिडेशन सर्टिफिकेट यानी भूमि सत्यापन प्रमाण पत्र जारी कर भूखंड के अंतिम हिस्से का आवंटन किया जाता है। इसके परिणामस्वरूप कब्जेदार को अंतिम हिस्से के रूप में 60 फीसदी और संबंधित प्राधिकरण को कटौती के रूप में 40 फीसदी भूमि संप्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कब्जेदार से शेष बची 60 फीसदी भूमि या वास्तविक कटौती के बाद बची भूमि के लिए ही कृषि से कृषि और कृषि से गैर-कृषि भूमि रूपांतरण के लिए प्रीमियम वसूल करना चाहिए। इतना ही नहीं, जिन क्षेत्रों में टीपी लागू है, वहां कटौती और मिलने योग्य भूमि के नियम का अनुपात 40 और 60 फीसदी का है। इसी प्रकार, जहां विकास योजना (डीपी) लागू हुई हो, वहां भी यही 40-60 फीसदी का अनुपात रखना चाहिए। मुख्यमंत्री के समक्ष ऐसी शिकायतें भी आई थीं कि वर्ष 2018 के प्रस्ताव के प्रावधानों के अनुसार टीपी क्षेत्र या ऐसा क्षेत्र जहां टीपी लागू करने की मंशा व्यक्त की गई है, वहां 'एफ' फॉर्म के क्षेत्रफल के अनुसार या 40 फीसदी कटौती के नियम को ध्यान में रखकर भूखंड के अंतिम हिस्से पर कृषि से कृषि और कृषि से गैर-कृषि का प्रीमियम वसूल करना निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार गैर-टीपी क्षेत्र में भी 40 फीसदी कटौती के नियम को ध्यान में रखकर बाकी बची भूमि के क्षेत्रफल के आधार पर प्रीमियम वसूल किया जाना चाहिए।

## मुख्य समाचार

### क्रिसमस से पहले केक मिक्सिंग सेरेमनी

**आगरा।** ताजनगरी की ताज व्यू होटल में केक मिक्सिंग सेरेमनी के साथ क्रिसमस की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार शाम को ताज व्यू होटल में कई नामचीन हस्तियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लेकर क्रिसमस की तैयारियों का आगाज किया। बता दें कि ताजमहल की वजह से ही आगरा में क्रिसमस और न्यू ईयर का क्रेज रहा है। इसलिए हर साल आगरा में क्रिसमस बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। वहीं यहां विदेशी पर्यटकों की वजह से भी क्रिसमस एक प्रमुख त्योहार है। इस दौरान ताज व्यू होटल की जीएम मनप्रीत छब्बा ने बताया कि केक मिक्सिंग सेरेमनी कर क्रिसमस का वेलकम किया है। उन्होंने दीपावली समेत अन्य त्यौहारों के बारे में बताया। वहीं सेल्स मैनेजर देवेंद्र चौधरी ने बताया कि सूखे मेवों को रम, ब्रांडी और वोदका में भिगोया गया। लगभग सवा महीने तक सूखे मेवे भिगो कर रखे जाएंगे और 23 से 24 दिसंबर तक क्रिसमस केक बनकर तैयार हो जाएगा। वहीं एक्सक्यूटिव शेफ नागेंद्र सिंह ने बताया कि क्रिसमस सलेब्रेशन के दौरान मेहमानों को ये केक परोसा जाता है। इस दौरान ऑपरेशन मैनेजर गगन नागपाल आदि मौजूद थे।

### रैंकर्स क्लासेस में सम्मान समारोह सम्पन्न

**अछनेरा।** विद्यार्थी जीवन में अनेक संघर्ष करने के बाद जो सफलता मिलती है। उस सफलता की खुशी अलग ही होती है। रैंकर्स क्लासेस अछनेरा ने अलग-अलग पदों पर सरकारी विभाग में सफलता प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों का मिष्ठान खिलाकर माला व पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान सफलता कैसे प्राप्त करनी है और सफल होने के लिये किन बातों पर विशेष ध्यान देना है आदि के बारे में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को भी विस्तार से बताया गया। हाल ही में यूपी पुलिस में उपनिरीक्षक पद पर चयनित हुये पुष्पेंद्र चौधरी ने अपनी सफलता के पीछे की रणनीति के बारे में बताया और अभ्यर्थियों के साथ अपनी तीन सरकारी नौकरी प्राप्त करने का अनुभव भी साझा किया। एसएससी सीजीएल में दो बार सेलेक्शन लेने वाले हरिओम चौधरी ने भी मैथ, रीजनिंग व अंग्रेजी के प्रश्न पेपर में कैसे हल करे आदि के बारे में अच्छे से बताया। नेवी में तैनात विनायक चौधरी, अभिषेक चौधरी व प्राची चौधरी ने भी अपनी संघर्ष की कहानी के बारे में बताया। आर्मी अग्निवीर में चयनित तेजवीर चौधरी ने भी फिजिकल प्रक्रिया पास करने के टिप्स दिए। इस दौरान रैंकर्स कोचिंग के राजू चौधरी,आशुतोष शर्मा,जयकिशन चौधरी व मोनी कटारा आदि अध्यापकों ने भी सफलता के टिप्स अभ्यर्थियों को दिये।

### अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरलीजन आए दिन करते हैं परेशान

**पिनाहट।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरलीजन आए दिन विवाहिता को परेशान करते रहते हैं जिसकी शिकायत विवाहिता ने अपने पिता से की है वही पिता के द्वारा थाना पिनाहट में तहरीर देकर ससुरालीजनों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार थाना राजाखेड़ा जिला धौलपुर के अंतर्गत गांव गुन का पुरा निवासी रामज्ञान पुत्र मिहिलाल ने शनिवार को थाना पिनाहट में लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उसने 7 वर्ष पूर्व अपनी बेटी रीना की शादी मय दान दहेज के साथ रविंद्र पुत्र बाबूलाल निवासी रघुनाथपुरा बघेल कॉलोनी थाना पिनाहट के साथ की थी।

## ताजमहल पर धर्मगुरु ने दिया विवादित बयान

# बोले शाहजहां ने अपनी बेटी से किया था बलात्कार

- अयोध्या के संत परमहंस आचार्य शनिवार को आगरा पहुंचे
- उन्होंने धर्मदंड के साथ ताजमहल में प्रवेश किया
- साथ ही शाहजहां को अपनी बेटी का बलात्कारी बताया है

पब्लिक एशिया संवाददाता



**आगरा।** ताजमहल या तेजो महालय इसे लेकर बड़ी बहस छिड़ी है। राजनैतिक अखाड़े से लेकर अदालत तक में इसकी लड़ाई चल रही है। ताजा मामला धर्मगुरु से जुड़ गया है। अयोध्या से आए संत परमहंस ने शाहजहां को बलात्कारी बताकर नया विवाद खड़ा कर दिया है। धर्मगुरु ने कहा है कि ताजमहल प्राचीन शिव का मंदिर है। इसलिए वह विश्व में अजूबा बना है और मोहब्बत का प्रतीक है। ताजमहल को शाहजहां से जोड़ना एक बड़ा कलंक है। उन्होंने कहा कि शाहजहां ने अपनी बेटी के साथ बलात्कार किया था।

धर्मगुरु संत परमहंस शनिवार फॉरच्यूनर गाड़ी में सवार होकर आगरा आए थे। शिल्पग्राम से अपने 2 अन्य शिष्यों के साथ वे गोल्फ कार्ट में सवार हुए। पूर्वी गेट के बैरियर पर उन्हें रोक लिया गया। इसके बाद एएसआई कर्मियों ने उन्हें रोक लिया। उनका धर्म दंड चेक करने के बाद ताजमहल में प्रवेश दिया गया। जबकि इससे पूर्व उन्हें धर्म दंड के साथ ताजमहल में प्रवेश नहीं दिया था। उन्होंने बताया कि एएसआई के चीफ ने उनसे माफी मांगी थी।

### शाहजहां पर क्या बोले

धर्म गुरु संत परमहंस आचार्य ने कहा कि शाहजहां ने अपनी बेटी जहांआरा से विवाह कर लिया था। ताजमहल प्राचीन शिव मंदिर है। इसलिए उसका नाम ताजमहल से जोड़ना बड़ा कलंक है। उन्होंने कहां ताजमहल भगवान भोले नाथ का मंदिर है। इसलिए वे यहां दर्शन करने आए हैं। इससे पूर्व जब उन्हें प्रवेश नहीं मिला था। इस पर एएसआई के चीफ ने उनसे माफी मांगी थी। आज वे धर्मदंड लेकर आए हैं। अब भगवान को कृपा से कुछ अच्छा होगा।

### लव जिहाद पर बोले

लव जिहाद के मामले पर संत परमहंस आचार्य ने कहा कि अगर कोई हिंदू लड़की लव जिहाद में फसती है तो वह जीते जी जहन्नुम में चली जाती है। और अगर कोई मुस्लिम लड़की धर्म वापसी करके सनातन में आती है तो ये उसके लिए स्वर्ग के बराबर होता है। क्योंकि अगर जन्नत में जाएगी तो वहां 72 हूरें होंगी। एक पुरुष होगा इसलिए उनके लिए दिक्कत होगी। सनातन में लड़की देवी के समान होती है। सनातन में नारी का सम्मान सर्वपरी है।

## मुरादाबाद के पर्यटक का गुम हुआ बैग, ताज सुरक्षा पुलिस ने खोजकर लौटाया

पब्लिक एशिया संवाददाता



**आगरा।** मुरादाबाद से ताजमहल देखने आए पर्यटक धीरज कुमार पुत्र रामनिवास शाम को टिकट विंडो बंद होने के चंद मिनट पहले ही पहुंचे और जल्दबाजी में टिकट लेने के बाद ताजमहल में प्रवेश कर गए और अपना कीमती सामान से भरा बैग पश्चिमी गेट टिकट विंडो परिसर में भूलकर ताजमहल देखने चले गए। थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम को भ्रमण के दौरान टिकट विंडो परिसर में एक लावारिस बैग रखे होने की सूचना प्राप्त हुई सूचना पर बैग को अपने कब्जे में लेकर पर्यटक की खोज शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज, आरटी सेट मैसेज एवं रेडियो अनाउंसमेंट के माध्यम से पर्यटक धीरज कुमार को खोज कर उसका बैग सुरक्षित वापस किया गया जिसमें पर्यटक के शिक्षा संबंधी प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक सामान रखा हुआ था पर्यटक अपना बैग पाकर बहुत प्रसन्न हुआ और आगरा पुलिस का आभार व्यक्त किया ।

पुलिस टीम में उप निरीक्षक शिवराज सिंह, उप निरीक्षक प्रशिक्षु पंकज पटेल,आरक्षी इंद्रजीत सिंह, महिला आरक्षी लक्ष्मी देवी सम्मिलित है।

## बिछड़े बच्चे को ताज सुरक्षा पुलिस ने 30 मिनट में खोजा

पब्लिक एशिया संवाददाता

**आगरा।** फरीदाबाद हरियाणा से ताजमहल देखने आए हरप्रीत अरोड़ा का 4 वर्षीय पुत्र एकत अरोड़ा पश्चिमी गेट टिकट विंडो के पास से सुबह लगभग 9: 00 बजे भीड़ में बिछड़ गया बच्चे के बिछड़ने से परिजन घबरा गए और उन्होंने तत्काल इसकी सूचना ताजमहल के पश्चिमी गेट पर नियुक्त थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम के जवानों को दी जवानों द्वारा तत्काल सक्रियता से रेडियो अनाउंसमेंट, सीसीटीवी फुटेज एवं आरटी सेट मैसेज के माध्यम से सूचना प्रसारित की गई और थाना सुरक्षा पुलिस को तत्काल अलर्ट किया गया व्हाट्सएप ग्रुप पर भी बच्चे का फोटो शेयर कर तत्काल इस पर कड़ी नजर रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक ताज सुरक्षा तिलकराम भाटी द्वारा निर्देशित किया गया। 30 मिनट के अंदर ताज सुरक्षा पुलिस द्वारा बच्चे को सकुशल खोज कर परिजनों से मिलाया गया परिजनों ने अपने पुत्र के मिल जाने पर बहुत खुशी जाहिर की।

पुलिस टीम में उप निरीक्षक ओमवीर सिंह, उप निरीक्षक इंदु भूषण, उप निरीक्षक प्रशिक्षु रवि कुमार वर्मा एवं करिश्मा सिंह मुख्य आरक्षी अनिरुद्ध सिंह, मुख्य आरक्षी साजिद सिद्दकी, महिला आरक्षी रिंकी देवी सम्मिलित हैं।

## हमले पर उतरी भारतीय जानता पार्टी : आप

**आगरा (पब्लिक एशिया संवाददाता)।** दिल्ली के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हुआ हमला बेहद ही दुखद एवं आश्चर्जनक है। किस तरह से भाजपा के द्वारा भेजें गये गुंडों द्वारा एक सोची समझी साजिश के तहत पूर्व सीएम पर हमला करवाया जाता है जो की वाकई निंदनाई है। भारत का संविधान हमें इस बात की इजाजत देता है की किसी भी पार्टी का कोई भी नेता भारत के किसी भी कोने मैं प्रचार कर सकता है। अगर अरविंद केजरीवाल को कुछ भी हुआ तो इसकी सीधे जिम्मेदार भाजपा होगी।



# थाना समाधान दिवस में एसीपी और एसडीएम ने सुनी समस्याएं

### आधा दर्जन शिकायतें आई, निस्तारण के लिए टीमें गठित

पब्लिक एशिया संवाददाता



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में शनिवार को एसडीएम अनिल कुमार सिंह और एसीपी अमर दीप लाल ने जनता की समस्याएं सुनी। इस दौरान कुल आधा दर्जन शिकायतें हैं जिनके निस्तारण के लिए राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महीने के चौथे शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर फतेहाबाद थाने में एसडीएम अनिल कुमार सिंह ने जनता की समस्याएं सुनी। इस दौरान एसीपी अमर दीप लाल भी थाना समाधान दिवस में पहुंचे तथा जनता की समस्याएं सुनी। इस दौरान राजस्व निरीक्षक के साथ अनेक लेखपाल भी मौजूद रहे। इस दौरान सबसे अधिक शिकायतें राजस्व से संबंधित आई, जमीनी विवाद के मामले निपटाने के लिए फतेहाबाद में पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई है। इस दौरान तहसीलदार आशीष कुमार त्रिपाठी, इंस्पेक्टर डीपी तिवारी, इंस्पेक्टर क्राइम पुरुषोत्तम पाल भी मौजूद रहे।

## गौशाला में बदइंतजामी पर होगी कार्रवाई

# एसडीएम ने किया नगर चंद की गौशाला का निरीक्षण, खुली पोल

पब्लिक एशिया संवाददाता





फतेहाबाद तहसील फतेहाबाद की नगरचंद गौशाला में बदइंतजामी पाए जाने पर उपजिलाधिकारी फतेहाबाद ने खंड विकास और पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी है। एसडीएम फतेहाबाद अनिल कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी आगरा के निर्देश पर उनके द्वारा फतेहाबाद की नगरचंद वृहद गौशाला का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण में पाया गया कि गायों को सूखा भूसा खिलाया जा रहा है। जबकि गायों को भूसे के साथ-साथ हरा चारा व चोकर आदि मिलाकर खिलाया जाना चाहिए। इस पर एसडीएम द्वारा मौके पर मौजूद केयरटेकर को कड़ी फटकार लगाई गई तथा तत्काल हरा चारा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। गौशाला में 335 गौवंश रखे गए हैं जिनमें से अनेक बिना टैगिंग के पाए गए। टैगिंग ना होने के संबंध में मौके पर मौजूद उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका। गौशाला की तारबाड़ भी कई तरफ से टूटी हुई मिली जिसके कारण गौशाला के अंदर से गायों के बाहर जाने और बाहर से आवारा पशुओं के अंदर आने की घटनाएं भी जानकारी में आई हैं। एसडीएम द्वारा यह भी बताया गया कि उनके द्वारा पहले भी कई बार इस गौशाला का भ्रमण किया गया है तथा गौशाला की व्यवस्था के बारे में विकास विभाग तथा पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को अवगत कराते हुए निराकरण के निर्देश दिए गए हैं परंतु इन विभागों के अधिकारियों द्वारा गौशाला की व्यवस्थाओं पर समुचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन सब तथ्यों का उल्लेख करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को रिपोर्ट भेज दी गई है जिनके माध्यम से यह रिपोर्ट डीएम आगरा के समक्ष रखी जाएगी तथा बदइंतजामी के जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में हुआ गिर्राज पर्वत की महिमा का गुणगान

**औरंगपुर (पब्लिक एशिया संवाददाता)।** खेरागढ़ में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा के पांचवें दिन व्यासपीठ से भागवताचार्य डा श्याम सुंदर पाराशर ने अपने श्रीमुख से कथा का भावपूर्ण रसपान कराया। उन्होंने बताया कि जग में चार प्रत्यक्ष देवता है। जिनमें से एक गिर्राज यानि गोवर्धन महाराज हैं। इनका पूजन हमें वांक्षित कामनाओं को सहज रुप से पूर्ण करने में सहायक होता है। दे जयवराज इंद्र के प्रकोप से जब कन्हैया ने लोगों को बचाया और गिर्राज पर्वत को अपनी अंगुली पर उठाया तो सब मान गये कि गोवर्धन महाराज की उन पर असीम कृपा बरसी है। इस दौरान भागवताचार्य डा श्यामसुंदर पाराशर ने बृज में गोवर्धन पर्वत की महिमा का गुणगान कर उनकी पूजा किस प्रकार की जाये यह भी बताया। संगत पर बैठे साथी कलाकारों ने जब अपने भजनों को स्वर दिया तो पूरा पांडाल गिर्राज जी के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान कथा में परीक्षत हरीश पचौरी, चिंता देवी, अरुण पचौरी एडवोकेट, ऋषि उपाध्याय, के के पचौरी, शैलेन्द्र पाठक, नितिन शर्मा, सतेंद्र यादव, सचिन गोयल,मनीष मिश्रा, रमन शर्मा,राजा, कर्मवीर आदि मौजूद रहे।

### प्लास्टर करते समय बर्गा टूटा मजदूर की मौत, दूसरा घायल

**बाह (पब्लिक एशिया संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ा गांव में एक मकान पर प्लास्टर करते समय चाली के नीचे लगा बर्गा अचानक टूट गया। और उसे पर बैठे दो मजदूर नीचे गिर पड़े जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार शनिवार को बड़ा गांव निवासी रामसेवक के मकान की दीवार पर सीमेंट प्लास्टर करने का कार्य किया जा रहा था। मजदूर बृजेश उम्र 35 पुत्र बनबारीलाल और बबलू उम्र 32 पुत्र लाखाराम निवासी बड़ा गांव थाना बाह बास की चाली पर बैठकर दीवार पर प्लास्टर कर रहे थे। तभी चाली के नीचे लगा बर्गा बजन के कारण अचानक टूट गया।

# दो झोपड़िया में आग लगने से हजारों का सामान जलकर राख

पब्लिक एशिया संवाददाता





**फतेहाबाद।** थाना निबोहरा क्षेत्र के ग्राम नागर में दो झोपड़िया में अज्ञात कारण से आग लगने से दोनों झोपड़ियां सहित झोपड़ी के अंदर रखा हजारों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

बताया जाता है कि ग्राम नागर में चरण देवी पत्नी राम प्रकाश दो झोपड़ी डालकर अपने परिवार के साथ रहती है ।शनिवार दोपहर अचानक अज्ञात कारण से आग लग गई। आग लगी देख आसपास के ग्रामीणों में अपराध तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और झोपड़ी में लगी आपको बुझाने का प्रयास किया । आग पर काबू पाते ना देख ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना निबोहरा और फायर ब्रिगेड को दी ।सूचना पाकर पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और बड़ी मुश्किलों के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग में जलकर सबकुछ राख हो गया । ग्रामीणों ने बताया कि चरण देवी का गरीब परिवार है ,मेहनत मजदूरी कर अपना पालन पोषण करता है झोपड़ी डालकर अपने परिवार के साथ रहती थी आग से सब कुछ जल जाने से चरण देवी के परिवार के सामने दो वक्त की रोटी का संकट पैदा हो गया है । ग्रामीण ने प्रशासन से आग में हुए नुकसान का आकलन कराकर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

# खेरागढ़, सैंया में थाना दिवस का हुआ आयोजन

पब्लिक एशिया संवाददाता

**खेरागढ़।** शनिवार को थाना खेरागढ़ में थाना समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम संदीप यादव और एसीपी इमरान अहमद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। थाना दिवस में 4 शिकायतें आई जिसमें से मौके पर राजस्व से संबंधित 2 शिकायतों का निस्तारण हुआ। वहीं थाना सैंया पर एसीपी देवेश कुमार की अध्यक्षता में थाना दिवस आयोजित हुआ जिसमें 4 शिकायतें आई और मौके पर 1 शिकायत का निस्तारण हो सका।

थाना खेरागढ़ परिसर में व्यापारियों के साथ बैठक की गई जिसमें एसडीएम संदीप यादव और एसीपी इमरान अहमद ने दीपावली त्यौहार को लेकर कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में व्यापारियों के साथ चर्चा की और सरार्फा व्यवसायियों ने धनतेरस के दिन पुलिस को कस्बे और सरार्फा बाजारों में सुरक्षा बढ़ाने की कहा जिस पर एसीपी इमरान अहमद ने बेहतर सुरक्षा व्यवस्था का आश्वासन दिया। वहीं एसीपी इमरान अहमद ने कहा कि कस्बे में आतिशबाजी की बिक्री न हो और आतिशबाजी की बिक्री पर पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान थाना प्रभारी खेरागढ़ देवकरण सिंह, सैंया उपेन्द्र श्रीवास्तव सहित व्यापारी मौजूद रहे।



## सीतारमण ने की स्टैंडर्ड चार्टर्ड के सीईओ से मुलाकात

वाशिंगटन। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यहां विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठक के अवसर पर स्टैंडर्ड चार्टर्ड के सीईओ बिल विंटर्स से मुलाकात की। इस दौरान विंटर्स ने भारत यूके वित्तीय भागीदारी आईयूकेएफपी को उनके समर्थन के लिए वित्त मंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि स्टैंचर्ड चार्टर्ड भारत में विकास की रणनीति के लिए प्रतिबद्ध है और बड़ा विकास करना चाहता है। सीतारमण ने कहा कि भाररत की गिफ्ट सिटी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा परिदृश्य में पैर जमा रही है और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की मौजूदा भागीदारी सही दिशा में है। उन्होंने श्री विंटर्स को गिफ्ट आईएफएससी में ग्लोबल इन हाउस सेंटर, सस्टेनेबल फाइनेंस हब जैसे जुड़ाव के अन्य रास्ते तलाशने और अन्य निवेशकों और वित्तीय सेवा कंपनियों को गिफ्ट सिटी में प्रासंगिक अवसरों के बारे में अधिक जानने में सुविधा प्रदान करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

# आईएमएफ सहित प्रमुख संस्थाओं में सुधार की जरूरत : सीतारमण

एजेंसी

**वाशिंगटन।** केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले 80 वर्षों में एक बहुपक्षीय संस्था के रूप में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के विकास की सराहना करते हुये शनिवार को यहां कहा कि मौजूदा वैश्विक व्यवस्था में आईएमएफ सहित प्रमुख वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की आवश्यकता है। श्रीमती सीतारमण ने यहां विश्व बैंक और आईएमएफ की वार्षिक बैठक के दौरान आईएफएफ में %एमडी के वैश्विक नीति एजेंडा% पर आईएमएफसी प्लेनरी सत्र में भाग लिया और गुटो में बटे विश्व के







लिए एक सेतु का काम करने के लिए आईएमएफ की सराहना की और कहा कि आईएमएफ की मुख्य योग्यता के साथ-साथ संगठन के भीतर संसाधनों की उपलब्धता का उचित संज्ञान लेने के बाद सदस्यों की जरूरतों के अनुसार अपनी निगरानी, ऋण और क्षमता विकास को तैयार करके भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि 2024 में वैश्विक अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया है; जबकि कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में उत्पादन अपनी क्षमता के करीब पहुंच रहा है, मुख्य मुद्रास्फीति आम तौर पर कम हुई है और केंद्रीय बैंकों के लक्ष्यों के करीब पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि हालांकि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और मध्यम अवधि की वैश्विक विकास संभावनाओं सहित कई नकारात्मक जोखिम हैं, जो उनकी निरंतर कमजोरी के कारण चिंता का विषय हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि एमडी के वैश्विक नीति एजेंडे ने सही ढंग से नरम लैंडिंग हासिल करने और कम विकास-उच्च ऋण पथ से बाहर निकलने को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि आईएमएफ की निगरानी और नीति मार्गदर्शन ऋण संकट से जूझ रहे देशों के लिए महत्वपूर्ण है, हालांकि, आईएमएफ को अपनी नीति में निष्पक्षता बनाए रखनी चाहिए। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि ईएमडीई की आर्थिक बुनियादी बातों को पर्याप्त रूप से ध्यान में रखने के लिए सॉवरेन रेटिंग की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके लिए पूंजी की लागत और निजी पूंजी को आकर्षित करने की उनकी क्षमता को ध्यान में रखा जाए। वित्त मंत्री ने क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के साथ जुड़ाव को भी रेखांकित किया और कार्यप्रणाली में सुधार का आह्वान किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे चुकाने की क्षमता और इच्छा को दर्शाने वाले बुनियादी बातों को भी शामिल करें।

## विश्व बैंक को प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के साथ किफायती बनाया जाये

**वाशिंगटन।** केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्व बैंक को व्यापक भागीदारी को बढ़ावा देने, मध्यम आय वाले देशों को अधिक उधार लेने के लिए प्रोत्साहित करने और विकास प्रभाव को गहरा करने के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण मॉडल के साथ अधिक किफायती बनाने की मांग की है। सीतारमण ने आज यहां विश्व बैंक और अंतरररराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठक 2024 के दौरान विश्व बैंक में भविष्य के लिए तैयार विश्व बैंक समूह पर विकास समिति के पूर्ण सत्र में भाग लिया और 1944 के ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में बहुपक्षीय विकास बैंकों की नींव रखने में वैश्विक साउथ के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया और सही मायने में समावेशी, वैश्विक विकास ढांचे को सुनिश्चित करने के लिए निर्णय लेने में सभी को शामिल करने पर जोर दिया।

## मुख्य समाचार

### पेट्रोल और डीजल कीमतों में बदलाव नहीं





**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 2.14 प्रतिशत की तेजी लेकर 71.69 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया जबकि लंदन ब्रेंट क्रूड 0.20 प्रतिशत उतरकर 75.90 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

### एसीएमए मोबिलिटी फाउंडेशन का फ्रौनहोफर इंस्टीट्यूट्स के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसीएमए) के एसीएमए मोबिलिटी फाउंडेशन ने आज भारत के ऑटो कंपोनेंट उद्योग के लिए अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) सहयोग को बढ़ावा देने के लिए जर्मनी के फ्रौनहोफर-गेसेलशाफ्ट के साथ एक समझौता किया। राजधानी में आयोजित 18वें एशिया-पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस की पृष्ठभूमि में हस्ताक्षरित इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य भारतीय ऑटो कंपोनेंट उद्योग को उद्योग-संचालित अनुसंधान एवं नवाचार के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करना है, क्योंकि यह कार्बन तटस्थता, परिपत्रता, सुरक्षा और पर्यावरण की चुनौतियों का समाधान करने में गतिशीलता उद्योग का समर्थन करने के लिए बदल रहा है। इस सहयोग के माध्यम से फाउंडेशन और फ्राउनहोफर प्रौद्योगिकी, स्थिरता और उत्पाद नवाचार में प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाएंगे, जिससे भारतीय ऑटोमोटिव पारिस्थितिकी तंत्र की वृद्धि और प्रतिस्पर्धात्मकता में योगदान मिलेगा।

### आईसीआईसीआई बैंक का एकल शुद्ध लाभ 14.5 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 11746 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 10261 करोड़ रुपये की तुलना में 14.5 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद आज यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि जुलाई सितंबर 2024 की इस दूसरी तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 20048 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की 18308 करोड़ रुपये की तुलना में 9.5 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने कहा कि इस तिमाही में उसका सकल एनपीए 1.97 प्रतिशत रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 2.48 प्रतिशत रहा था।

### शक्कर में डिमांड, खाद्य तेलों में गिरावट, दलहन नरम, दालें मजबूत, चावल सामान्य

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में डिमांड रही। खाद्य तेलों में गिरावट हुई। आज मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड तथा पाम तेल सस्ता बिका। तिलहन रिफाइनरी प्लांटों की लिवाली से बने रहे। दलहन मिलगत के साथ दाल मिलों की लिवाली सुस्ती से नरम रहे। दाल में मांग से मजबूती दर्ज की गई। चावल में कामकाज मजबूती लिए रहा।

**किराना बाजार:-** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी से भाव बने बताए गए। आज शक्कर में तीन गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा दिसावर के साथ महंगा बिका। साबूदाना में कामकाज बना रहा। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव बताया गया।

**तेल-तिलहन :-** खाद्य तेलों में लिवाली सुस्त रहने से गिरावट दर्ज की गई। आज मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड के साथ पाम तेल सस्ता होकर बिका। तिलहन में सोयाबीन में खरीदी बढ़ी रही।

**दाल-दलहन :-** संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन जिन्सों में कामकाज नरमी लिए रहा। आज चना कांटा में मांग बढ़ी बताई गई। इससे भाव ऊंचे हुए। दालों में मजबूती रही।

### सरकार ने कॉरपोरेट आयकर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने शनिवार को आकलन वर्ष 2024-25 के लिए कॉर्पोरेट्स द्वारा आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा को 15 दिन बढ़ाकर 15 नवंबर तक कर दी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने जारी एक परिपत्र में कहा कि 31 अक्टूबर की समय-सीमा बढ़ाई जाएगी। सीबीडीटी के मुताबिक आकलन वर्ष 2024-25 (चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कॉर्पोरेट्स के आयकर रिटर्न दाखिल करने) के लिए नई समय-सीमा अब 15 नवंबर, 2024 है।

# 566 करोड़ रुपये यस बैंक का मुनाफा

## शुद्ध एनपीए घटकर 0.42 प्रतिशत दूसरी तिमाही के अंत में 0.43 प्रतिशत था

एजेंसी

नई दिल्ली। प्राइवेट सेक्टर के यस बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए 147 प्रतिशत उछलकर 566.59 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 228.64 करोड़ रुपये रहा था। पिछली, अप्रैल-जून तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 516 करोड़ रुपये रहा था। समग्र कर्ज में 12.4 प्रतिशत की वृद्धि तथा शुद्ध ब्याज मार्जिन के 2.4 प्रतिशत तक बढ़ने के कारण समीक्षाधीन तिमाही में मुख्य (कोर) शुद्ध ब्याज आय 14.3 प्रतिशत बढ़कर 2,200 करोड़ रुपये हो गई। बैंक की गैर-ब्याज आय 16.3 प्रतिशत बढ़कर 1,407 करोड़ रुपये हो गई। कुल जमाराशि 18 प्रतिशत रही, जो उद्योग-व्यापी प्रवृत्ति के विपरीत है कि यह ऋण

बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 228.64 करोड़ रुपये रहा था। पिछली, अप्रैल-जून तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 516 करोड़ रुपये रहा था। समग्र कर्ज में 12.4 प्रतिशत की वृद्धि तथा शुद्ध ब्याज मार्जिन के 2.4 प्रतिशत तक बढ़ने के कारण समीक्षाधीन तिमाही में मुख्य (कोर) शुद्ध ब्याज आय 14.3 प्रतिशत बढ़कर 2,200 करोड़ रुपये हो गई।





वृद्धि से कम रही। बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) प्रशांत कुमार ने कहा कि बैंक ने चालू वित्त वर्ष में जमा में 17-18 प्रतिशत और कर्ज में 13-14 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रखा है। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर, बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) सितंबर 2024 के अंत तक घटकर सकल कर्ज का 1.6 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले यह दो प्रतिशत थी। इसी प्रकार, शुद्ध एनपीए घटकर 0.42 प्रतिशत रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत में 0.43 प्रतिशत था। एकीकृत आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ 19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सितंबर तिमाही में 12,948 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 10,896 करोड़ रुपये थी। यस बैंक के शेयर की बात करें, तो यह शुक्रवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर गिरावट के साथ बंद हुआ था। यह 3.05 फीसदी या 0.61 रुपये गिरकर 19.40 रुपये पर बंद हुआ था। वहीं, बैंक का मार्केट कैप बीएसई पर 60,812.96 करोड़ रुपये पर बंद हुआ।

# ग्लोबल इकोनॉमी की होगी 'सॉफ्ट' लैंडिंग

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पिछले कई साल से मुश्किल दौर का सामना कर रही वैश्विक अर्थव्यवस्था की 'साफ्ट लैंडिंग' कर संभावना बढ़ रही है। अर्थव्यवस्था में 'साफ्ट लैंडिंग' का तात्पर्य आर्थिक विकास के दौरान आने वाली ऐसी एक चक्रीय मंदी से है, जो पूर्ण मंदी की स्थिति आए बिना समाप्त हो जाती है। वित्त मंत्री ने कहा कि विभिन्न देशों और बहुपक्षीय वित्तीय संस्थाओं के साथ मिलकर काम करने से अच्छे दिन आने वाले हैं, लेकिन उन्होंने साथ ही चेताया कि अर्थव्यवस्थाएं अभी उतनी तेजी से आगे नहीं बढ़ रही हैं। सीतारमण ने वाशिंगटन-डीसी के एक 'ग्लोबल थिंक टैंक' से कहा, ''अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में दो दिवसीय वार्ता के दौरान यही संभावना नजर आई कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की 'साफ्ट लैंडिंग' होगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, केंद्रीय बैंकों और सभी संस्थानों एवं सरकारों के प्रयासों ने कुछ अवधि के लिए मुद्रास्फीति में कम बनाए रखा है, इसलिए वैश्विक अर्थव्यवस्था की 'साफ्ट लैंडिंग' की संभावना बढ़ रही है।'' दुनिया की टॉप इकोनॉमीज की बात करें, तो पहला स्थान अमेरिका का है। अमेरिका की जीडीपी 28.78 ट्रिलियन डॉलर की है। दूसरा स्थान चीन का है, जिसकी जीडीपी 18.53 ट्रिलियन डॉलर की है। जर्मनी 4.59 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ तीसरे स्थान पर है। जापान 4.11 ट्रिलियन डॉलर के साथ चौथे स्थान पर है। 3.94 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ भारत पांचवें स्थान पर है। 3.5 ट्रिलियन डॉलर के साथ यूके छठे स्थान पर है। सातवें स्थान पर फ्रांस है, जिसकी जीडीपी 3.13 ट्रिलियन डॉलर है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.163 अरब डॉलर घटकर 688.267 अरब डॉलर पर

एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली।** देश का विदेश मुद्रा भंडार 18 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 2.163 अरब डॉलर घटकर 688.267 अरब डॉलर रह गया है। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 10.75 अरब डॉलर घटकर 690.43 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 18 अक्टूबर को समाप् ?त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.163 अरब डॉलर घटकर 688.267 अरब रह गया है। हाल के दिनों में विदेशी मुद्रा भंडार में यह सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 10.75 अरब डॉलर घटकर 690.43 अरब डॉलर रहा था। इससे पहले के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 3.71 अरब डॉलर घटकर 701.18 अरब डॉलर रह गया था। आंकड़ों के मुताबिक 18 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां भी 3.87 अरब डॉलर घटकर 598.24 अरब डॉलर रह गईं। हालांकि इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 1.79 करोड़ डॉलर बढ़कर 67.44 अरब डॉलर हो गया लेकिन विशेष आहरण अधिकार 6.8 करोड़ डॉलर घटकर 18.27 अरब डॉलर रह गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के पास भारत का आरक्षित भंडार 1.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.32 अरब डॉलर रह गया। उल्लेखनीय है कि सितंबर के अंत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

## सितंबर तिमाही में 14.5 प्रतिशत बढ़ गया आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक का एकल आधार पर मुनाफा चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए 14.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11,746 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 10,261 करोड़ रुपये रहा था। बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी सितंबर तिमाही में बढ़कर 47,714 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 40,697 करोड़ रुपये थी। बैंक की ब्याज आय बढ़कर 40,537 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 34,920 करोड़ रुपये थी।

# 'क्रिप्टोकरेंसी फाइनेंशियल स्टेबिलिटी' के लिए बहुत बड़ा जोखिम : आरबीआई गवर्नर

एजेंसी

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ अंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शांतिकांत दास ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय स्थिरता और मौद्रिक स्थिरता के लिए बहुत बड़ा जोखिम है। शक्तिकांत दास ने जोर देकर कहा कि इससे ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है, जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण खो सकता है। आरबीआई ने शनिवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को वाशिंगटन डीसी के पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में आयोजित मैक्रो वीक 2024 कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि मैं वास्तव में इस राय का हूं





कि ये ऐसी चीज है जिसे फाइनेंशियल सिस्टम पर हावी होने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यह बैंकिंग प्रणाली के लिए भी जोखिम पैदा करता है। यह ऐसी स्थिति भी पैदा कर सकता है, जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति से नियंत्रण खो सकता है। उन्होंने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समझ होनी चाहिए, क्योंकि लेनदेन क्रॉस-कंट्री है। इससे जुड़े बड़े जोखिमों के बारे में पूरी तरह से सचेत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत क्रिप्टोकरेंसी के बारे में सवाल उठाने वाला पहला देश था। दास ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 में इस पूरे क्रिप्टो इकोसिस्टम से निपटने के संबंध में अंतरराष्ट्रीय समझ विकसित करने पर समझौता हुआ था। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कुछ प्रगति हुई है।

# बाजार में महंगा हुआ सोना, सस्ती हुई चांदी

## 4 हजार रुपये की गिरावट के साथ 1 लाख के स्तर से नीचे आई चांदी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में एक दिन की गिरावट के बाद आज एक बार फिर सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी के भाव में आज 4 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट आई है, जिसके कारण ये चमकली धातु 1 लाख रुपये के स्तर से नीचे आ गई है। सोने की कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,740 रुपये से लेकर 79,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 73,110 रुपये से लेकर 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी



आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,640 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है जबकि 22 कैरेट सोना 73,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 79,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## शेयर बाजार में गिरावट जारी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में जारी गिरावट से निवेशक सहमे हुए हैं। हालांकि, अगर आप म्यूचुअल फंड निवेशक हैं और आपका लक्ष्य लंबे समय में बड़ा कॉर्पस बनाने की है तो चिंता करने की जरूरत नहीं है। आप अपना निवेश जारी रखें। म्यूचुअल फंड में कंपाउंडिंग का लाभ लंबे समय में ही मिलता है। एक निवेशक के रूप में सफल होने के लिए कई ज़रूरी शर्तों में से एक है, अपने निवेश को शुरुआती चरण में धीरे-धीरे बढ़ते हुए देखने और बाद के वर्षों में कंपाउंडिंग का लाभ उठाने के लिए धैर्य रखना। म्यूचुअल फंड भी निवेशकों के पैसे को समय के साथ बढ़ाने के लिए कंपाउंडिंग का इस्तेमाल करते हैं। आज हम आपको 8-4-3 इन्वेस्टमेंट रूल बता रहे हैं। य ?ह रूल हर म्यूचुअल फंड निवेश को जरूर जानना चाहिए।

## मुख्य समाचार

### मध्य इराक में हवाई हमले में आईएस के 4 आतंकवादी ढेर

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद के उत्तर में सलाहुद्दीन प्रांत में हवाई हमले में शुक्रवार को इस्लामिक स्टेट (आईएस) के चार आतंकवादी मारे गए। इराकी सेना ने यह जानकारी दी। ज्वाइंट ऑपरेशंस कमांड से संबद्ध मीडिया आउटलेट (सुरक्षा मीडिया सेल) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार खुफिया रिपोर्टों और चार दिनों की निगरानी के आधार पर, इराकी बलों ने प्रांत के पूर्वी हिस्से में आईएस ठिकाने पर स्थानीय समय अनुसार शाम 5:50 बजे हवाई हमला किया। बयान में कहा गया है कि हवाई हमले में चार आईएस आतंकवादी मारे गए और उनका ठिकाना नष्ट हो गया। वर्ष 2017 में आईएस की हार के बाद से इराक में सुरक्षा स्थिति में सुधार हुआ है। हालांकि, आईएस के अवशेष शहरी केंद्रों, रेगिस्तानों और ऊबड़-खाबड़ इलाकों में घुस गए हैं और सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ लगातार गुरिल्ला हमले कर रहे हैं।

### इराकी पर्यावरण मंत्री ने दिया इस्तीफा

**बगदाद।** इराकी पर्यावरण मंत्री निज़ार अमेदी ने मंत्री मंडल से इस्तीफा दे दिया है। आधिकारिक इराकी समाचार एजेंसी (आईएनए) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आईएनए ने एक अज्ञात सूत्र के हवाले से कहा कि अमेदी ने अपनी राजनीतिक पार्टी पैट्रियटिक यूनियन ऑफ कुर्दिस्तान (पीयूके) के भीतर अपने राजनीतिक कर्तव्यों के प्रति समर्पित होने के लिए इराकी प्रधान मंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी को अपना इस्तीफा सौंप दिया। कुर्दिश मीडिया ने बताया कि अमेदी का इस्तीफा पीयूके के भीतर विचार-विमर्श के बाद आया, जहां यह निर्णय लिया गया कि वह बगदाद में पार्टी से संबंधित जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपने कैबिनेट मंत्री पद से हट जाएंगे।

### सिडनी के दक्षिण-पश्चिम में दो विमान आपस में टकराने के बाद दुर्घटना के शिकार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई राज्य न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) की पुलिस ने शनिवार को सिडनी के दक्षिण-पश्चिम में एक घातक विमान दुर्घटना होने पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। समझा जाता है कि सिडनी के बाहरी दक्षिण-पश्चिम में दोपहर से पहले दो हल्के विमान टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने कहा कि जनता से इस क्षेत्र से दूर रहने का आग्रह किया गया है और इस स्तर पर कोई और जानकारी उपलब्ध नहीं है। एनएसडब्ल्यू पुलिस, फायर एंड रेस्क्यू और एनएसडब्ल्यू एम्बुलेंस कम से कम दो फायरट्रक और कई एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पर मौजूद है। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच ऑस्ट्रेलियाई परिवहन सुरक्षा ब्यूरो द्वारा की जाएगी।

### श्रीलंका के संसदीय चुनाव के इतिहास में पहली बार ट्रांसजेंडर चानू निमेशा मैदान में

**कोलंबो।** श्रीलंका के संसदीय चुनाव इतिहास में चानू निमेशा मैदान में उतरने की घोषणा कर पहली ट्रांसजेंडर उम्मीदवार बन गई हैं। वो श्रीलंका सोशलिस्ट पार्टी की महिला मामलों की सचिव हैं। निमेशा केगले जिले से चुनाव लड़ेंगी। डेली मिरर की खबर में आज यह जानकारी दी गई। निमेशा ने पत्रकारों से कहा, आम चुनाव लड़ने का मौका देने के लिए मैं श्रीलंका सोशलिस्ट पार्टी की आभारी हूं। इस तरह पहली बार चुनाव लड़ने के लिए एक ट्रांसजेंडर उम्मीदवार को मैदान में उतारकर मेरी पार्टी ने इतिहास रचा।

### पुतिन ने लेफ्टिनेंट कर्नल अर्टोम जोगा को रूस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में नियुक्त किया

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को लेफ्टिनेंट कर्नल अर्टोम जोगा को रूस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में नियुक्त किया है। लेफ्टिनेंट कर्नल अर्टोम फिलहाल उरल्स संघीय जिले में क्रेमलिन के दूत हैं। पूर्वी यूक्रेन में रूस के कब्जे वाले डोनेट्स्क क्षेत्र में पदस्थ रहे इस सैन्य अधिकारी ने पिछले साल सार्वजनिक रूप से पुतिन से 2025 का अगला चुनाव फिर से लड़ने का आग्रह कर प्रसिद्धि पाई थी। मॉस्को टाइम्स की खबर के अनुसार राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन युद्ध के अनुभवी अर्टोम को इस महीने की शुरुआत में उरल्स संघीय जिले में अपने दूत के रूप में नियुक्त किया। यह रूस के विशाल सैन्य औद्योगिक क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। लेफ्टिनेंट कर्नल अर्टोम रूस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के 21 गैर स्थायी सदस्यों में से होंगे। परिषद में 13 स्थायी सदस्य होते हैं। इनमें प्रमुख सुरक्षा एजेंसियों के नेता और उच्च पदस्थ विधायी और कार्यकारी अधिकारी शामिल होते हैं।

### बांग्लादेश में राष्ट्रपति शहाबुद्दीन को हटाने के लिए आम सहमति बनाने के प्रयास तेज

**ढाका।** अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के साक्ष्य मौजूद न होने का आधिकारिक बयान देकर छात्र नेताओं के निशाने पर आए राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के इस्तीफा देने की मांग करने वाले संगठनों ने आम सहमति बनाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इस बीच विदेश दौरे से लौटे सेना प्रमुख ने आज सुबह अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार से मुलाकात की है। भेदभावपूर्व आरक्षण के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व करने वाले छात्र नेता और जातीय नागोरिक समिति अपनी मांग पर कायम रहना चाहते हैं। वह इस संबंध में अंतरिम सरकार पर दबाव बनाना चाहते हैं। दोनों संगठनों के नेताओं ने राजनीतिक दलों से बातचीत के लिए दो टीमें बनाई हैं। दोनों टीमें अलग-अलग पार्टियों से बातचीत कर रही हैं। वह गुरुवार रात पहली बैठक में बीएनपी नेताओं के साथ बैठे। दोनों संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद के आवास पर बैठक की।

# सीमावर्ती अधिकारियों के साथ अहम बैठक

## भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित वाल्मीकि नगर में निर्मित अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर वाल्मीकि सभागार का उद्घाटन

एजेंसी

**नई दिल्ली/पश्चिम चंपारण।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित वाल्मीकि नगर में निर्मित अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के वाल्मीकि सभागार के उद्घाटन के पश्चात पहली बार नेपाल और बिहार के सभी सीमावर्ती जिलों के डीएम, एसपी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित जिले के सभी वरीय अधिकारी यहां पहुंचे। नेपाल से आए परसा जिले के सीडीओ (जिलाधिकारी) दिनेश भुसाल को वाल्मीकि सभागार परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पूर्व बिहार और नेपाल के अधिकारियों की बैठक प्रत्येक 3 महीने पर पूर्वी चंपारण के रक्सौल में आयोजित होती थी, इस बार इस बैठक को वाल्मीकि की धरती पर स्थित वाल्मीकि सभागार में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर नेपाल के परसा जिले के एसपी कुमोद ढुंगेल, डिवीजन वन कार्यालय बीरगंज के डीएफओ मंजूर अहमद, नेपाल प्रहरी के डीएसपी प्रकाश सांपकोटा, बारा जिले के सीडीओ शशिधर धीमीरे, एपीएफ के एसपी संतोष सिंह, असिस्टेंट सीडीओ छवि रमन भट्टराई, अनुसंधान एसपी दीपक खड़का, नवल परासी पश्चिम के सीडीओ स्कीम श्रेष्ठ, 44 बटालियन सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट बलवंत सिंह, बलवंत सिंह नेगी, 71 बटालियन के कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार, 65 के कमांडेंट खोजा राम लामरोड़, एमटी मेरन डिप्टी कमांडेंट, मोतीहारी एसपी स्वर्ण कुमार, बेतिया एस.पी डॉ सौर्य सुमन, एडीएम बेतिया राजीव कुमार, एसडीएम बेतिया सदर विनोद कुमार, बेतिया मध्य निषेद एस.पी मनोज सिंह, बगहा एस.पी सुशांत कुमार सरोज, बगहा एसडीएम गौरव कुमार, बगहा डीएसपी कुमार देवेन्द्र, वन प्रमंडल दो के डीएफओ पीयूष बर्नवाल, वाल्मीकि नगर थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के अलावा अन्य तमाम अधिकारी उपस्थित रहें। गॉड ऑफ़ ऑनर के बाद सभागार में दोनों देशों के उच्च अधिकारियों के बीच कई बिंदुओं पर चर्चा का दौर चला। हालांकि इस बाबत किसी भी अधिकारी ने कुछ भी खुलासा करने से परहेज किया। इस सन्दर्भ में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बताया कि इस बैठक में दोनों देशों के सीमा क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने, नशीले पदार्थों की तस्करी, ह्यूमन ट्रैफिकिंग सूचना का आदान-प्रदान, घुसपैठ सहित अन्य कई बिंदुओं पर आपसी तालमेल और सहमति बनाई गई है। सीमा क्षेत्र में भूमि विवाद पर आपसी तालमेल से सामंजस्य स्थापित करने पर चर्चा की गई है। इस बैठक के दूरगामी और सार्थक परिणाम की उम्मीद लगाई जा रही है।

पहली बार नेपाल और बिहार के सभी सीमावर्ती जिलों के डीएम, एसपी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित जिले के सभी वरीय अधिकारी यहां पहुंचे। नेपाल से आए परसा जिले के सीडीओ (जिलाधिकारी) दिनेश भुसाल को वाल्मीकि सभागार परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



## उत्तरी गाजा पट्टी में 3 इजरायली सैनिक मारे गए: आईडीएफ

एजेंसी

यरूशलम। उत्तरी गाजा पट्टी में शुक्रवार को तीन इजरायली सैनिक मारे गए। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। इन तीनों में आईडीएफ के बख्तरबंद कोर प्रशिक्षण प्रभाग में टैंक कमांडर कोर्स के एक अधिकारी और दो प्रशिक्षु शामिल है। इज़रायल के राज्य के स्वामित्व वाले 'कान' टीवी न्यूज़ ने बताया कि, बेत लाहिया शहर में कमल अदवान अस्पताल की घेराबंदी के हिस्से के रूप में, एक इज़रायली टैंक को चलते समय, स्पष्ट रूप से एक विस्फोटक उपकरण द्वारा नष्ट हो गया, जिसके परिणामस्वरूप तीन सैनिकों की मौत हो गई। चैनल के मुताबिक, इजरायली बलों ने गुरुवार रात अस्पताल को घेर लिया और संयुक्त राष्ट्र के समन्वय से अस्पताल में भर्ती 23 मरीजों, जिनमें ज्यादातर बच्चे थे, को उनके साथियों के साथ गाजा पट्टी के अन्य अस्पतालों में पहुंचाया।

## ईरान की राजधानी में सुने गए जोरदार धमाके

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार तड़के कई जोरदार विस्फोट सुने गए। सरकारी टीवी आईआरआईबी यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इमाम खुमैनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और मेहराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्थिति सामान्य है। आईआरआईबी टीवी के अनुसार विस्फोटों के स्रोत की अभी तक पहचान नहीं की गई है और ऐसा लगता है कि विस्फोट तेहरान के उपनगरीय इलाके में हुआ है। टीवी ने सुरक्षा सूत्रों के हवाले से कहा कि कुछ विस्फोट राजधानी के पास तैनात वायु रक्षा प्रणालियों की गतिविधियों से संबंधित थे। रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने कहा कि विस्फोटों के स्रोत की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। अर्ध-आधिकारिक तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया कि विस्फोट तेहरान के पश्चिम में सुने गए, फिर भी राजधानी में स्थिति सामान्य है। इज़रायल ने पुष्टि की कि उसने स्थानीय समयानुसार शनिवार सुबह 'ईरान में सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले' किए हैं। इज़रायल रक्षा बलों ने कहा कि हमले ईरान के 'महीनों के लगातार हमलों' के जवाब में थे। एक अक्टूबर को ईरान ने इज़रायली ठिकानों पर लगभग 180 मिसाइलें दागीं।



## सूडान अर्धसैनिक हमले में 50 की मौत

**खार्तूम।** मध्य सूडान के एक गांव पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमले में शुक्रवार को 50 से अधिक लोग मारे गए और 200 से अधिक घायल हो गए। गैर-सरकारी समूहों ने यह जानकारी दी। गीज़िरा राज्य की राजधानी वाड मदनी में एक स्वयंसेवी समूह, प्रतिरोध समिति ने कहा, शुक्रवार की सुबह, आरएसएफ मिलिशिया ने अल कामलिन इलाके के अलसेरिहा गांव पर भारी गोलाबारी और बमबारी की। इसमें कहा गया, अलसेरिहा गांव के 53 से अधिक नागरिक मारे गए और 200 से अधिक अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

## सभी मोर्चों पर विफल साबित हुई है ओली सरकार: शेखर कोइराला

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के 25 अक्टूबर को सौ दिन पूरे हो गए। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपने सौ दिन के कार्यकाल को जहां सफल बताया है वहीं उनकी सरकार को समर्थन दे रही नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. शेखर कोइराला ने उनके सौ दिनों के कार्यकाल को सभी मोर्चों पर विफल बताया है। डॉ. कोइराला ने शनिवार को काठमांडू में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक में कहा कि सरकार के सौ दिन हर दृष्टिकोण से असफल रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री ओली की आलोचना करते हुए जनता के मूल समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए सरकार पर खतरे की बात का विरोध किया है। डॉ. कोइराला ने कहा कि दो तिहाई बहुमत वाले प्रधानमंत्री भी अपने सौ दिन में सिर्फ सरकार गिरने और बचने की बात करेंगे तो इससे बड़ा दुर्भाग्य और कुछ नहीं हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में आए प्राकृतिक आपदा को संभालने में सरकार पूरी तरह विफल रही। देश के डूबते अर्थतंत्र को पटरी पर लाने में सरकार पूरी तरीके से असफल रही। युवाओं का पलायन रोकने में सरकार ने कोई कारगर कदम नहीं उठाए। आम जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने में सरकार चूक गई। नेपाली कांग्रेस के नेता डॉ. कोइराला ने प्रधानमंत्री के द्वारा राजनीतिक दल विभाजन संबंधी अध्यादेश लाने की तैयारी का भी विरोध किया।

## नेपाल: ओली सरकार के विरोध में माओवादी का शक्ति प्रदर्शन

एजेंसी

**काठमांड।** नेपाल के प्रमुख प्रतिपक्षी दल माओवादी ने शनिवार को राजधानी काठमांडू में ओली सरकार के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन में माओवादी अध्यक्ष प्रचण्ड खुद सड़क पर जुलूस का नेतृत्व कर रहे थे। हजारों समर्थकों के साथ सड़क पर उतरे माओवादी ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ओली सरकार के सौ दिन पूरे होने पर असफल सरकार होने का दावा करते हुए सरकार की कमी कमजोरियों को उजागर किया गया था। विरोध सभा में बोलते हुए माओवादी अध्यक्ष प्रचण्ड ने प्रधानमंत्री ओली द्वारा माओवादी पर सरकार गिराने के लिए षड्यंत्र किए जाने के आरोप का जवाब दिया। प्रचंड ने कहा कि ओली सरकार को गिराने के लिए कोई भी षड्यंत्र की आवश्यकता नहीं है। यह वह सड़ा हुआ फल है जो खुद ही गिर जाएगा। प्रचंड ने ओली पर असफल सरकार का नेतृत्व करने और नेपाल का अंतराष्ट्रीय संबंध में खलल डालने का आरोप भी लगाया है।






फिलीपींस के रिज़ल प्रांत के कैन्टा में उष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी के कारण आई बाढ़ से प्रभावित सड़कों पर चलते हुए एक व्यक्ति।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया

कोलंबो। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने देश के सभी नागरिकों को सुरक्षा का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दुनिया में एक संघर्ष चल रहा है। उसकी लपटों में विभिन्न देश झुलस रहे हैं। इस संघर्ष से जुड़े कुछ जोखिम हमारे देश श्रीलंका तक पहुंच गए हैं। उन्होंने यह टिप्पणी गुरुवार को पुट्टलम में नेशनल पीपुल्स पावर रैली के संबोधन में की। डेली न्यूज अखबार के अनुसार राष्ट्रपति ने कहा, लगभग दो सप्ताह पहले रिपोर्टों में इस वैश्विक स्थिति से संबंधित एक संभावित घटना का संकेत श्रीलंका को दिया गया। हमने संबंधित क्षेत्रों में तेजी से सुरक्षा बढ़ा दी है। जब खुफिया रिपोर्ट आती है तो हम मीडिया में चर्चा नहीं करते। इसके बजाय, हम इनपुट पर जिम्मेदारी से कार्य करते हैं। हमारा कर्तव्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। हमने खुफिया जानकारियों के आधार पर फौरन जांच शुरू की और कई संदिग्धों को हिरासत में लेने में सफल रहे। हालांकि, इसका प्रचार नहीं किया गया, न ही मीडिया ब्रीफिंग आयोजित की गई।
उन्होंने कहा कि एक सरकार के रूप में उनकी जिम्मेदारी किसी भी खतरनाक घटना को होने से रोकना है। खुफिया इनपुट पर बिना घबराहट के काम किया गया।

# इजरायल ने ईरानी ठिकानों पर किया जवाबी हमला

## ईरान की ओर से किए गए हमलों के जवाब में, ईरान के कई इलाकों में लक्ष्यों पर 'सटीक और लक्षित' हवाई हमले किए

एजेंसी

**यरूशलम।** इजरायल ने ईरान में सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमला पूरा कर लिया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार सुबह एक बयान में कहा कि हाल के महीनों में ईरान की ओर से किए गए हमलों के जवाब में, उसने ईरान के कई इलाकों में लक्ष्यों पर 'सटीक और लक्षित' हवाई हमले किए। बयान के अनुसार, इजरायली विमानों ने मिसाइल निर्माण सुविधाओं, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और अन्य ईरानी हवाई क्षमताओं पर हमला किया। आईडीएफ प्रवक्ता डैनियल हगारी ने एक वीडियो बयान में कहा कि इस अभियान ने इजरायल के लिए तत्काल खतरों को विफल कर दिया है। ईरानी प्रत्यक्षदर्शियों ने शनिवार की सुबह कहा कि देश की राजधानी तेहरान के आसपास बड़े विस्फोटों की आवाज सुनी गई। गौरतलब है कि एक अक्टूबर को ईरान ने इजरायली ठिकानों पर लगभग 180 मिसाइलें दागीं। ईरान ने इस कार्रवाई को क्षेत्रीय प्रतिरोध समूहों के कई नेताओं की हत्याओं का प्रतिशोध बताया।

## इजरायली ने सीरिया में सैन्य ठिकाने को बनाया निशाना

**दमिश्क।** इजरायली सैन्य बलों ने सीरिया के दक्षिणी और मध्य क्षेत्र में सैन्य ठिकाने को निशाना बनाकर कई हवाई हमले किये। सीरिया रक्षा मंत्रालय ने शनिवार तड़के बताया कि इजरायली सैन्यों ने अंतरराष्ट्रीय हवाई हमला शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे किया। उन्होंने इजरायल के कब्जे वाली गोलान हाइट और लेबनान हवाई अड्डे की ओर से कई मिसाइलें दागीं। मंत्रालय के अनुसार, उनके सैनिकों ने कई इजरायली मिसाइलों को मार गिराया है। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था सीरियन ऑब्ज़र्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली विमान ईरान से जुड़े स्थानों को निशाना बनाने के लिए सीरियाई हवाई क्षेत्र में घुसे थे। सीरियाई वायु रक्षा बलों ने विमानों को रोकने की कोशिश की, लेकिन वे उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुँचने से नहीं रोक पाए। वहीं इजरायल ने आज घोषणा की कि उसने ईरान में सैन्य ठिकानों पर 'सटीक हमले' किए और अब अभियान समाप्त हो गया है। दूसरी तरफ, ईरान ने बताया कि उसने सफलतापूर्वक हमले का जवाब दिया है।



## इज़रायली हमले के बीच ईरान में उड़ानें 'अगली सूचना' तक रद्द

एजेंसी

**तेहरान।** ईरानी क्षेत्र पर शनिवार रात भर हुए इजरायली हमले के मद्देनजर ईरान में उड़ानें 'अगली सूचना' तक रद्द कर दी गई हैं। 'शफकना' समाचार एजेंसी ने ईरान नागरिक उड्डयन संगठन के एक प्रवक्ता के हवाले से खबर दी। इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार रात कहा कि उसने एक अक्टूबर को यहूदी राज्य पर हुए हमलों के जवाब में ईरान में सैन्य ठिकानों पर हमला किया था। सीबीएस न्यूज ने एक सूत्र का हवाला देते हुए बताया कि ईरान पर इजरायली हमला सैन्य तक ही सीमित था। लक्ष्य और परमाणु या तेल सुविधाओं तक विस्तारित नहीं। फ़ार्स समाचार एजेंसी ने दावा किया कि इज़रायल ने तेहरान के पश्चिम और दक्षिण पश्चिम में कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया। वहीं, तस्नीम समाचार एजेंसी ने कहा कि ईरानी राजधानी के पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम में स्थित इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी, सशस्त्र बलों की विशिष्ट इकाइयां) के सैन्य केंद्रों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। स्पुतनिक संवाददाता की रिपोर्ट के अनुसार, सुबह लगभग 4:25 बजे तेहरान के मध्य भाग में, रूसी दूतावास के क्षेत्र में, आकाश में शक्तिशाली विस्फोटों की दूसरी श्रृंखला सुनी गई।

पब्लिक एशिया
Web:- www.publicasia.in

# बंगाल वारियर्स और यू मुंबा ने खेला सीजन का पहला टाई

एजेंसी



**हैदराबाद।** आखिरी सेकेंड तक चले रोमांच के बीच बंगाल वारियर्स और यू मुंबा ने गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में शनिवार को प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन का पहला टाई खेला। इस सीजन के 17वें मैच में आखिरी 20 सेकेंड तक मुंबा को एक अंक की बढ़त मिली हुई थी लेकिन बंगाल के डिफेंस ने अपना कमाल दिखाते हुए यह मैच 31-31 से बराबरी पर समाप्त किया। दोनों टीमों का यह तीसरा मैच था। इससे पहले दोनों एक-एक मैच में हार और एक-एक में जीत मिली थी। यू मुंबा के लिए मंजीत ने सबसे अधिक सात जबकि डिफेंस में सोमवीर ने पांच अंक बनाए जबकि बंगाल के लिए मनिंदर सिंह ने रेड से आठ और नितेश तथा फजल ने क्रमशः चार और तीन अंक डिफेंस से जुटाए। मनिंदर ने मल्टी प्वाइंट रेड से शुरूआत की लेकिन मंजीत ने दो रेड में इतने ही अंक लेकर स्कोर बराबर कर दिया। मनिंदर ने बोनस के साथ बंगाल को फिर आगे किया लेकिन सोमवीर ने नितिन को एंकल होल्ड कर स्कोर फिर बराबर कर दिया। इसके बाद बंगाल ने लगातार दो अंक ले 5-3 की लीड ले ली। मुंबा ने इसके बाद हालांकि लगातार दो अंक के साथ फिर बराबरी कर ली। फिर सुनील ने मनिंदर का शिकार कर मुंबा को पहली बार बढ़त दिलाई। मनिंदर जल्द रिवाइव किए गए और आते उन्होंने बंगाल को 8-7 की बढ़त दिला दी। ब्रेक के बाद मयूर ने मंजीत का शिकार कर बंगाल को 2 अंक की लीड दिला दी। फिर मनिंदर ने चार के डिफेंस में डू ओर डाई रेड पर अंक लिया। रोहित ने हालांकि डू ओर डाई रेड पर फजल का शिकार कर इसका हिसाब बराबर किया। नितिन ने इसका जवाब कप्तान सुनील को आउट करके दिया। रिवाइव होकर आए फजल ने अजीत को लपक बंगाल को 12-8 से आगे कर दिया। इसके बाद बंगाल ने मुंबा को पहली बार आलआउट कर 16-9 की लीड ले ली। आलइन के बाद हालांकि मुंबा के डिफेंस ने मनिंदर को लपक लिया। पहला हाफ 20-13 के अंतर से बंगाल के नाम रहा। उसने अंतिम पांच मिनट में कुछ अच्छे अंक जुटाए लेकिन शुरू से चले आ रहे अंतर को पाट नहीं सकी। ब्रेक के बाद शुरुआती पांच मिनट में दोनों टीमें को 2-2 अंक मिले। स्कोर 22-15 था। फिर चार के डिफेंस में मनिंदर डू ओर डाई रेड पर गए लेकिन रिंकू ने उन्हें नहीं जाने दिया। फिर दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। अगले पांच मिनट में मुंबा ने दो के मुकाबले 7 अंक बटोरे। 30 मिनट के खेल के बाद स्कोर 24-22 से बंगाल के हक में था लेकिन वे आलआउट की कगार पर थे। इसके बाद बंगाल ने सुपर टैकल के दो अंक बटोरे लेकिन मनिंदर को अगली रेड पर आउट कर मुंबा ने बंगाल को आलआउट कर स्कोर 27-27 कर दिया। इसी बीच सोमवीर ने हाई-5 पूरा किया। फिर मुंबा ने लगातार चार अंकों के साथ 31-27 की बढ़त ले ली। इसी बीच विश्वास ने रिंकू को बाहर किया। फिर चार के डिफेंस में मंजीत डैश कर दिए गए। फिर नितिन ने स्कोर 30-31 कर दिया। दो मिनट से भी कम समय बचा था। अंतिम 20 सेकेंड तक मुंबा को एक अंक की बढ़त थी और रोहित डू ओर डाई रेड पर आए। वह लपके गए और इस तरह यह मैच 31-31 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

# यूपी के गेंदबाजों ने दिखाया 'दम'

एजेंसी

अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले के पहले दिन शनिवार को मेजबान पंजाब को पहली पारी में 210 रन पर सीमित कर दिया।

**मुल्लांपुर।** शिवम मावी (29 रन पर चार विकेट) के अलावा सौरभ कुमार और शिवम शर्मा की अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले के पहले दिन शनिवार को मेजबान पंजाब को पहली पारी में 210 रन पर सीमित कर दिया। महाराज यदविंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय उत्तर प्रदेश ने बगैर नुकसान के आठ रन बना लिये थे। माधव कौशिक (7) और आर्यन जुयाल एक रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। इससे पहले टॉस जीतकर उत्तर प्रदेश ने मेजबान टीम को पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। गेंदबाजों ने कप्तान आर्यन जुयाल के फैसले को सही ठहराते हुये पंजाब की सलामी जोड़ी को मात्र दस रनों में पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। हालांकि अनमोलप्रीत सिंह (38) और पुखराज मान (61) ने बीच के ओवरों में धैर्यता दिखाते हुये स्कोरबार्ड को आगे बढ़ाया। अनमोल सौरभ कुमार के शिकार बने जबकि अनमोल का विकेट सौरभ के खाते में गया। मध्यक्रम के सनवीर सिंह (50) पंजाब की ओर से अर्धशतक जमाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने हालांकि दूसरे छोर पर लगातार विकेटों के पतन से उनकी पंजाब को 300 के ऊपर ले जाने की हसरत पूरी नहीं हुयी। सौरभ और शिवम शर्मा को दो दो विकेट मिले जबकि नीतिश राणा ने अपने शार्ट स्पेल में सनवीर को आउट किया।

## मुख्य समाचार



### जम्मू कश्मीर में होगी 13वीं पैरा जूडो प्रतियोगिता

**लखनऊ।** 13वीं राष्ट्रीय पैरा जूडो प्रतियोगिता अगले साल फरवरी जम्मू कश्मीर में होगी। लखनऊ में इण्डियन ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश अवस्थी की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित वार्षिक सभा में यह फैसला लिया गया। सभा के उपरान्त हाल ही में फ्रांस में सम्पन्न हुये पेरिस पैरालम्पिक 2024 में जूडो खेल में भारत को पहला पदक दिलाने वाले कपिल परमार (कांस्य पदक विजेता) एवं कोकिला (प्रतिभागी) को किट एवं जापान की ब्लैक बेल्ट देकर सम्मानित किया गया। कपिल मध्य प्रदेश और कोकिला हरियाणा की निवासी एवं इण्डियन पैरा जूडो एकेडमी के जूडोका हैं। सम्मान समारोह व एसोसिएशन की वार्षिक सभा में विभिन्न प्रदेशों की पैरा एसोसिएशन के सचिव भी मौजूद थे।

### आयुष पांडे के शतक से तमिलनाडु के खिलाफ छत्तीसगढ़ की ठोस शुरुआत

**चेन्नई।** सलामी बल्लेबाज आयुष पांडे के शानदार शतक की बदौलत छत्तीसगढ़ ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले के पहले दिन शनिवार को तमिलनाडु के खिलाफ ठोस शुरुआत की। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन अपनी पहली पारी में दो विकेट खोकर 293 रन बनाये। पांडे ने 184 गेंदे खेलकर 19 चौको की मदद से 124 रन बनाये। बाएं हाथ के बल्लेबाज पांडे ने साथी बाएं हाथ के ऋषभ तिवारी (46) के साथ पहले विकेट के लिए 39 ओवर में 124 रन जोड़कर मेहमान टीम को मजबूत शुरुआत दी। उनके अलावा अनुज (68) और संजीत देसाई (52) ने तीसरे विकेट के लिये नाबाद 95 रनों की पारी खेलकर पारी को मजबूत किया। इससे पहले अनुज ने लय बरकरार रखने के लिए आयुष पांडे के साथ दूसरे विकेट के लिए 20.1 ओवर में 74 रन जोड़े। तमिलनाडु के गेंदबाजों को ऐसी पिच पर कड़ा संघर्ष करना पड़ा जिसमें गेंद बल्लेबाजों के पास अच्छी तरह से आ रही थी। तमिलनाडु की ओर से मध्यम तेज गेंदबाज एम मोहम्मद और बाएं हाथ के स्पिनर अजित राम ने एक-एक विकेट लिया।



अटलांटा यूनाइटेड के मिडफील्डर ट्रिस्टन मुयुम्बा (8) और इंटर मियामी के फॉरवर्ड लियोनेल मेस्सी (10) फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल में एमएलएस प्लेऑफ के शुरुआती दौर के फुटबॉल मैच के दूसरे हाफ के दौरान गेंद के पीछे जाते हुए।

# 1975 हॉकी वर्ल्ड कप विजेता भारतीय टीम के 10 खिलाड़ियों को किया सम्मानित

एजेंसी



**जालंधर।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए किए जा रहे सक्रिय प्रयासों के कारण पंजाब देश के लिए खेल केंद्र के तौर पर उभर रहा है। उपायुक्त डा. हिमांशु अग्रवाल के साथ 41वें इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल मैच की अध्यक्षता करते हुए वित्त मंत्री ने पंजाब के खेल बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के लिए पंजाब सरकार की वचनबद्धता दोहराई। फाइनल मैच भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की टीमों के बीच खेला गया। हरपाल चीमा ने पंजाब सरकार द्वारा आयोजित खेडां वतन पंजाब दीया का जिक्र करते हुए इन खेलों को प्रत्येक आयु वर्ग के खिलाडियों द्वारा शिरकत की गई, जिससे पंजाब के खेल क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ा है। उन्होंने कहा कि खेल को जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे गांव हमेशा से प्राचीन खेलों के समर्थक रहे है और अब इस विरासत को आगे बढ़ाने का समय है। इस दौरान पंजाब सरकार द्वारा वित्त मंत्री ने अपने विवेकाधीन कोष से ओलंपियन सुरजीत सिंह रंधावा की याद में ओलंपियन सुरजीत हॉकी सोसायटी को हॉकी को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों में तेजी लाने के लिए 50 लाख रुपये देने की घोषणा की।

# महाराष्ट्र ने लहरों पर दिखाया दम, बना ओवरऑल चैंपियन

एजेंसी

**गोरखपुर।** महाराष्ट्र के युवा चप्पू चालकों ने शनिवार को 25वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप-2024 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। बालक वर्ग में महाराष्ट्र और बालिका वर्ग में पंजाब की टीम चैंपियन बने। चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजेता टीमों को ट्रॉफियां प्रदान कर सम्मानित किया और खिलाड़ियों को पदक पहनाकर भी पुरस्कृत किया। उन्होंने बालिका डबल स्कल्स और बालक कॉक्सलेस फोर के फाइनल को भी देखा। फाइनल में बालक अंडर-13 डबल स्कल में हरियाणा के अंशु व अक्षय की जोड़ी ने 01:46.2 के समय के साथ स्वर्ण जीता। उनसे पिछड़े आरएफआईडी के जतिन कुमार व अनुराग ने 01:48.3 के समय के साथ रजत पदक जीता। ओडिशा के यश बेदवाल व विजय को 1:50.2 के समय के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। सब जूनियर बालक कॉक्सलेस पेयर्स में महाराष्ट्र के लवीश मलिक व हर्ष तोमर 01:42.8 के समय के साथ विजेता बने। तेलंगाना के के.अभिजीत व के.जश्वनाथ 01:46.3 के समय के साथ रजत व पश्चिम बंगाल ए के रूद्र मंडल व श्यान जायसवाल 02:02.2 के समय के साथ कांसे के हकदार बने। सब जूनियर बालिका सिंगल स्कल में मणिपुर की एच.मलेयमाइमा चानू ने 02:00.4 के समय के साथ स्वर्ण, पंजाब की रानी जैनम ने 02:02.4 के समय के साथ रजत व हरियाणा की पलक चहल ने 02:03.2 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। अंडर-13 बालिका डबल स्कल में पंजाब की महक प्रीत कौर व सिमरन कौर ने 01:53.6 के समय के साथ स्वर्ण जीता। केरल की बी अनालिया विल्सन व वी.शिबू को 01:57.8 के समय के साथ रजत व केरल ए की वेदा पी.नैयर व वी.गौरकृष्णा को 02:00.1 के समय के साथ कांस्य मिला। बालिका सब जूनियर कॉक्सलेस फोर में केरल बी की अनुष्का मैरी, अश्वत्थी कृष्णन, एमएस मिथी व केपी देवेंदा की चौकड़ी ने 01:44.9 के समय से स्वर्णिम सफलता हासिल की। ओडिशा की स्मृति एक्का, काम्या प्रियदर्शिनी, प्रतिंज्ञा जेना व रितु रानी ने 01:48.1 के समय के साथ रजत व केरल ए की एसएस जान्स, बी वैज्ञा, बीनू बिंसी व अंजली मैरी जार्ज ने 02:11.4 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। बालिका सब जूनियर कॉक्सलेस पेयर्स में महाराष्ट्र की श्रावणी शखारे व सिद्धि गौरव ने 01:59.8 के समय के साथ स्वर्ण, आरएफआई एच की चाहत व प्रीशा डडवाल ने 02:06.4 के समय के साथ रजत व पश्चिम बंगाल ए की ईश्नवी जालान व पी.बनर्जी ने 02.06.5 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। सब जूनियर बालक सिंगल स्कल में केरल ए के ए.आगस्टिन 01.42.6 के समय के साथ पहले, आसाम के फरहान अली 01:45.2 के समय के साथ दूसरे व केरल बी के आर.कृष्णा गौतम 01:46.8 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सब जूनियर बालक डबल स्कल में ओडिशा के तरुण सिंह व तेजबीर सिंह ने 01:31.6 के समय के साथ स्वर्ण, मणिपुर के आर. बिदया जीत सिंह व टी.रनबीर सिंह ने 01.33.1 के समय के साथ रजत व तेलंगाना के वीपीएस अश्वतथामा गौड़ व जे.राकेश ने 01:35.0 के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

# हार है स्वीकार, वानखेड़े में करेंगे वापसी की कोशिश : रोहित शर्मा

**पुणे।** न्यूजीलैंड से मिली शिकस्त को स्वीकार करते हुये भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि टीम की नजर अब मुबंई के वानखेड़े स्टेडियम पर है जहां सीरीज का तीसरा और आखिरी टेस्ट मैच खेला जायेगा। रोहित ने शनिवार को मैच के बाद कहा, आपको न्यूजीलैंड को श्रेय देना होगा। उन्होंने हमसे बेहतर खेला। हम कुछ क्षणों का फायदा उठाने और उन चुनौतियों का जवाब देने में विफल रहे जिसका नतीजा है कि हम आज यहां हार कर बैठे हैं। रोहित ने विशेष रूप से भारत की खराब बल्लेबाजी को लेकर कहा हमें पहली पारी में ठोस स्कोर बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, जिससे गेंदबाजों के पास दबाव बनाने की सीमित गुंजाइश रह गई। उन्होंने कहा, आपको जीतने के लिए 20 विकेट लेने होंगे, हां, लेकिन बल्लेबाजों को बोर्ड पर रन बनाने होंगे। मुझे नहीं लगता कि हमने बोर्ड पर रन बनाने के लिए पर्याप्त अच्छी बल्लेबाजी की। इसके बावजूद, भारत के गेंदबाजों ने जोरदार वापसी की और एक समय न्यूजीलैंड तीन विकेट पर 200 रन बना कर बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी मगर गेंदबाजों ने उन्हे 259 रन पर रोक दिया। उन्होंने टीम की सामूहिक कमियों की जिम्मेदारी लेते हुए कहा, यह सामूहिक विफलता है। मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो सिर्फ बल्लेबाजों या गेंदबाजों को दोष देगा। हर किसी के पास सुधार करने के लिए खासी गुंजाइश हैं। रोहित ने भारत को वानखेड़े टेस्ट में नए इरादे, विचारों और तरीकों के साथ खेलने की आवश्यकता पर बल दिया और उम्मीद जतायी कि टीम मुंबई में लय को पाने के लिए और अधिक एकजुट प्रदर्शन करेगी।



# टीम इंडिया मिली 'शर्मनाक' हार

## सेंटनर की फिरकी में उलझे भारत ने मैच के साथ सीरीज भी गंवाई

एजेंसी



**पुणे।** मिचेल सेंटनर (104 पर छह विकेट) की घातक गेंदबाजी के चलते न्यूजीलैंड ने भारत को दूसरे टेस्ट मैच में शनिवार को 113 रनों से हरा कर तीन टेस्ट मैचों की श्रृखंला में निर्णायक बढ़त हासिल कर ली है। क्रिकेट इतिहास में यह पहला मौका है जब कीवी टीम ने भारत के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज को अपने नाम किया है। न्यूजीलैंड की इस जीत के नायक मिचेल सेंटनर रहे जिन्होने भारत की पहली पारी में सात और दूसरी पारी में छह विकेट चटका कर अपनी टीम को ऐतिहासिक उपलब्धि दिलायी। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम की पिच पर सेंटनर भारतीयों के लिये काल बन कर उभरे। पहली पारी में सात विकेट चटका कर अपनी टीम को 103 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाने वाले सेंटनर का खौफ भारतीयों पर सिर चढ़ कर बोला। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 255 रन बना कर भारत को जीत के लिये 359 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में भारत की पूरी टीम 245 रन बना कर आउट हो गयी। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 259 रन बनाये थे जिसके जवाब में भारत की पहली पारी 156 रन पर सिमट गयी थी। न्यूज़ीलैंड के पांच विकेट चटकाने के बाद भारत पहले सत्र में एक विकेट के नुक़सान पर 81 रन बना चुका था और ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भारत इस मैच में जीत दर्ज करने की ओर बढ़ सकता है। भारत को सिर्फ़ एक अच्छे सत्र की ज़रूरत थी लेकिन दूसरे सत्र में पूरा मैच न्यूज़ीलैंड के पक्ष में झुक गया। न्यूज़ीलैंड ने बेंगलुरु में जीत हासिल कर 36 वर्षों बाद टेस्ट में जीत हासिल की थी और अब पहली सीरीज़ जीत भी उनके नाम है। न्यूज़ीलैंड की इन दो जीत में केन विलियमसन भी टीम का हिस्सा नहीं थे, श्रीलंका में यह टीम हारकर आई थी। साउदी ने कप्तानी से इस्तीफ़ा दे दिया था लेकिन टॉम लेथम ने बढ़िया कप्तानी की। पहले मैच में कीवी तेज़ गेंदबाज़ों ने बागडोर संभाली जबकि दूसरे मैच में सैंटनर ने अगुवाई की। बल्लेबाज़ी में कॉन्वे और रचिन रवींद्र के साथ कप्तान टॉम लेथम ने भी योगदान दिया और न्यूज़ीलैंड ने टेस्ट क्रिकेट की सबसे मुश्किल सीरीज़ में से एक सीरीज़ अपने नाम कर ली। यहां दिलचस्प है कि जब भारत पिछली बार घर पर टेस्ट सीरीज़ हारा था तब गंभीर उस टीम का हिस्सा थे और आज गंभीर टीम के मुख्य कोच हैं। इंग्लैंड के ख़िलाफ़ मिली उस सीरीज़ हार में अश्विन और कोहली भी भारतीय टीम का हिस्सा थे। भारत की दूसरी पारी में यशस्वी जयसवाल (77) के अलावा रविंद्र जडेजा (42) ने हार को टालने का भरपूर प्रयास किया। उनके अलावा शुभमन गिल (23), वशिंगटन सुंदर (21) और रविचंद्रन अश्चिन (18) ही कीवी गेंदबाजों के सामने सहजता से खेल सके। अनुभवी रोहित शर्मा (8) और विराट कोहली (17) लगातार दूसरी पारी में प्रभाव नहीं छोड़ सके। ऋषभ पंत दुर्भाग्यशाली तरीके से रन आउट हुये वहीं पहली टेस्ट में शानदार शतक लगाने वाले सरफराज खान पुणे की पिच पर दूसरी पारी में भी नहीं चले और नौ